


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 166 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 31 मार्च 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### प्रदेश अध्यक्ष के ट्वीट को पीएम मोदी ने किया रिट्वीट, कहा- इनकी खुशी में पूरा देश शामिल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में एक किसान की खुशी पर पीएम नरेंद्र मोदी ने हर्ष जताया है। इस संबंध में पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के ट्वीट को रिट्वीट कर लिखा कि 'छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के इन लोगों की खुशी में पूरा देश शामिल है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की ऐसी उपलब्धियां काफी उत्साहित करने वाली हैं' साव ने ग्राम पेण्डरबेरा निवासी जनकराम की प्रसन्नता पर कहा कि जनकराम ने एक वीडियो बनाकर अपनी खुशी का इजहार किया और कहा कि इससे पेण्डरबेरा समेत चार गांवों के लोगों की बरसों की मुराद पूरी हो गई है। जनकराम ने कहा, 'मेरे खेत तक सड़क पहुंच गई है।

***भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव ने ट्वीट किया था***

किसान जनकराम के इस वीडियो पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत गांवों में रहने वाला भारत सड़क क्रांति का साक्षी बन रहा है। जनकराम का यह वीडियो जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचा तो प्रधानमंत्री मोदी ने साव के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए कहा, 'छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के इन लोगों की खुशी में पूरा देश शामिल है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की ऐसी उपलब्धियां काफी उत्साहित करने वाली हैं।'

***पीएम के ट्वीट पर साव ने धन्यवाद जताया***

पीएम के इस ट्वीट पर साव ने धन्यवाद जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का एक सामान्य ग्रामवासी की खुशी में शामिल होना उनके इस देश के गांव-गांव के व्यक्ति से गहरा नाता दर्शाता है। साव ने कहा कि बिलासपुर जिले के बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में कछार से पेण्डरवा वाया चुनकवाँ मार्ग के उन्नयन से ग्रामीणों को रोजमर्रा की तकलीफें से निजात मिली है। इस सड़क के उन्नयन के लिए क्षेत्र के भाजपा विधायक रजनीश सिंह के सतत प्रयासों की भी साव ने सराहना की। बिलासपुर जिले के कछार से पेण्डरबेरा वाया चुनकवाँ मार्ग के हाल ही हुए उन्नयन से लाभान्वित ग्रामों के ग्रामीणों की सकारात्मक प्रतिक्रया की चर्चा करते हुए कहा कि इस सड़क का उन्नयन होने के बाद इन ग्रामीणों का जीवन बदल गया है।


युवाओं को बेरोजगारी भत्ते पर सीएम भूपेश बघेल ने की बड़ी घोषणा

# युवाओ की शंका को किया दूर, किसी भी दिन पंजीयन पर 1 अप्रैल से ही देय होगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं के लिए एक अप्रैल से बेरोजगारी भत्ता देने की पहल की जा रही है। सरकार ने बेरोजगारी भत्ता से जुड़ी पात्रता को लेकर पहले की सर्कुलर जारी कर दिया है। एक अप्रैल से इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बड़ी घोषणा की है। शुक्रवार को उन्होंने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर ट्वीट करते हुए कहा कि अप्रैल माह में किसी भी दिन पंजीयन कराने पर बेरोजगारी भत्ता एक अप्रैल से ही देय होगा।

छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं के लिए मुख्यमंत्री की यह घोषणा राहत भरी है। युवाओं में इस बात को लेकर संशय था कि एक अप्रैल को शुरू हो रही पंजीयन प्रक्रिया क्या एक ही दिन के लिए है। युवाओं की असमंजस के बीच सीएम बघेल ने ट्वीट कर उनकी शंका को दूर कर दिया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि छत्तीसगढ़ के शिक्षित युवाओं को 1 अप्रैल से 2500 रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने का आदेश जारी किया गया है। पंजीयन में सुगमता के लिए यह निर्णय लिया गया है कि अप्रैल माह में किसी भी दिन किए गये आवेदनों पर, घोषणा अनुसार, भत्ता 1 अप्रैल से ही देय होगा।




### ऐसे करें बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन

1 अप्रैल से भत्ते के लिये आवेदन के लिए आनलाइन पोर्टल खुले जाएगा। इसके लिए रोजगार कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। आवेदन पोर्टल से आनलाइन या च्वाइस सेंटरों पर भी किया जा सकता है। इस https://berojgaribhatta.cg.nic.inCandidateRegform.aspx लिंक पर क्लिक करके आप आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा नगरीय निकायों की वेबसाइट पर भी बेरोजगारी भत्ता के पंजीयन का लिंक उपलब्ध कराया गया है।

### इन प्रमाण पत्रों की होगी आवश्यकता

बेरोजगारी भत्ता का आवेदन करने के लिए एक वर्ष के भीतर का आय प्रमाणपत्र, मूल निवास प्रमाणपत्र, दसवीं की मार्कशीट या प्रमाणपत्र, 12वीं की मार्कशीट या प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, जीवित रोजगार पंजीयन कार्ड व बैंक डिटेल अनिवार्य है। पंजीयन कराते समय उक्त सभी दस्तावेज आवेदन फार्म में अपलोड करने होंगे। प्रक्रिया पूरी होने के बाद यदि आप पात्र होते हैं बेरोजगारी भत्ता सीधे बैंक खातों में भेजी जाएगी।

## भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव को मिली बड़ी जिम्मेदारी, जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के बने प्रदेश प्रभारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** युवा विधायक देवेंद्र यादव को प्रदेश कांग्रेस संगठन की ओर से महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र को जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के लिए प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आदेश जारी हो गया है।




जारी आदेश में कहा गया है कि, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के आदेशानुसार आपको जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के तहत 31 मार्च को आयोजित लोकतंत्र बचाओं-मशाल शांति मार्च / रेली हेतु प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया जाता है। कृपया, आपसे आग्रह है कि 31 मार्च 2023 को सायं 06:00 बजे प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में स्थानीय ऐतिहासिक स्मारक / स्थलों पर लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च / रैली के आयोजन हेतु समस्त मोर्चा संगठन- प्रकोष्ठ विभाग के प्रदेश अध्यक्षों एवं जिला / शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों से सम्पर्क एवं समन्वय बनाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में समुचित कार्यवाही करें। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

आपको बता दें कि विधायक देवेंद्र यादव भारत जोड़ों यात्रा में अहम भूमिका निभा चुके हैं। उनके बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए संगठन ने यह महत्वपूर्ण काम दिया है। विधायक देवेंद्र इस जिम्मेदारी के बाद काम पर जुट गए हैं। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए अपनी टीम के साथ मैदान में उतर गए हैं।

# इंदौर बावड़ी कांड : हवन के दौरान बावड़ी की छत गिरने से अब तक 36 की मौत, आज भी जारी है रेस्क्यू ऑपरेशन

**इंदौर ( एजेंसी )।** रामनवमी के मौके पर इंदौर में बावड़ी की छत गिरने से हुए हादसे में अब तक 36 लोगों की जान जा चुकी है। हादसे के 22 घंटे बाद भी रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। अब भी बावड़ी में गिरे लोगों को निकाला जा रहा है। घटना की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लगातार यहां से लोगों को निकाला जा रहा है। गुरुवार शाम तक मृतकों का आंकड़ा 13 तक पहुंचा था जो अग बढ़कर 36 तक पहुंच गया है। बावड़ी को ढके बिना ढलाई करने को लेकर अब मंदिर प्रबंधन पर सवाल खड़े हो गए हैं।

बता दें इंदौर गुरुवार को रामनवमी के दिन सबसे पुराने इलाकों में एक स्नेह नगर के बेलेश्वर महादेव मंदिर में भी श्रद्धालु उमड़े हुए थे। सुबह के करीब 11:55 बजे रहे थे और मंदिर में हवन हो रहा था। श्रद्धालु आरती की तैयारी में लगे थे उसी दौरान हादसा हो गया। अचानक छत ढह गई और लोगों को अंदाजा भी नहीं था कि नीचे इतनी बड़ी बावड़ी है। एक एक कल लोग बावड़ी में गिरते चले गए। सबसे आखिर में गिरे लोगों को तो बचा लिया गया लेकिन नीचे दबे लोग मौत के मुंह में समा गए। अब तक 36 लोगों की इस हादसे में मौत हो गई है। अब तक 18 लोगों को बचाया जा चुका है। रेस्क्यू ऑपरेशन में एनडीआरएफ के 15, एसडीआरएफ के 50 और आर्मी के 75 जवानों की टीम जुटी है।




### सीएम ने दिए न्यायिक जांच के आदेश

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पूरी घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने मृतकों के परिवार को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और घायलों को 50 हजार रुपए की मदद देने का ऐलान किया है। घायलों के इलाज का खर्च सरकार उठाएगी। इसके अलावा पीएम राष्ट्रीय राहत कोष से भी मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए की मदद की घोषणा की गई है।

अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी

## छोटे भाई ने की थी हत्या, नशे की आदत से परेशान था परिवार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नदिनी थाना क्षेत्र में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। दो दिन पहले युवक की लाश सड़ी गली अवस्था में मिली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। मृतक की शिनाख्त राजेंद्र कुमार जंघेल पिता कुशाल राम जंघेल (30) चंद्रमा चौक शिवाजीनगर खुर्सीपार के रूप में हुई। जांच के दौरान पता चला कि मृतक नशेड़ी था और नशे में परिवार के लोगों को प्रताड़ित करता था। उसकी इसी आदत से परेशान छोटे भाई अमरनाथ जंघेल ने उसकी हत्या कर दी।

नंदिनी पुलिस ने बताया कि मृतक राजेन्द्र कुमार जंघेल आदतन शराबी था और नशे में घर परिवार वालों से विवाद व गाली गलौच करता था। पुलिस पूछताछ में आरोपी अमरनाथ जंघेल ने बताया कि उसका भाई दिन रात नशा करता था और उसकी इस आदत से घर के सभी लोग परेशान थे। नशे की हालत में माता-पिता को परेशान करता था। उसकी इसी आदत से परेशान होकर उसकी हत्या की योजना बनाई।

योजना के अनुसार 24 मार्च को अमरनाथ अपने भाई राजेंद्र जंघेल को अपनी मोटरसाइकिल में बिठाकर जामुल देशी शराब दुकान लेकर गया था। यहां से देशी मशाला के तीन क्वार्टर खरीदा और बोड़ेगांव अरसनारा के पास पहुंच गए। शाम 5 बजे तक दोनों ने साथ मिलकर शराब पी। अमरनाथ ने कम शराब पी और अपने बड़े भाई राजेंद्र को दो पव्वा मसाला शराब पिलाई। राजेन्द्र जब नशे में बेसुध हो गया तो उसने कटर से गला रेत दिया। इसके बाद गांव में जाकर 2 प्लास्टिक की बोरी खरीद कर लाया। इसके बाद मृतक के शरीर से कपड़े अलग किए और शव को बोरे में भरकर फेंक दिया। जल्दबाजी में वह कपड़ों को वहीं छोड़ गया।

# कोरोना ने बढ़ाई रफ्तार, मिले 3000 से ज्यादा मामले, सक्रिय मरीजों का आंकड़ा 15 हजार पार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में कोरोना संक्रमण दोगुना रफ्तार से बढ़ रहा है। बीते एक सप्ताह के दौरान रोजाना संक्रमित मिलने वाले रोगियों की संख्या अब दोगुना तक पहुंच गई है। देश में शुक्रवार के कोरोना के 3,095 संक्रमितों की पहचान की गई। यह लगातार दूसरा दिन है, जब एक दिन में सामने आए नए मामलों का आंकड़ा तीन हजार के पार पहुंचा है।



जानकारी के मुबिक, बीते 24 घंटे में देश में कोरोना की वजह से पांच लोगों की मौत भी हुई है। इसमें गोवा-गुजरात में एक-एक और केरल में तीन मरीजों की मौत शामिल है। इसी के साथ अब तक 5.30 लाख लोगों की कोरोना की वजह से जान गई है। दैनिक सकारात्मकता 2.61 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि साप्ताहिक सकारात्मकता 1.91 प्रतिशत आंकी गई। देश में कोरोना के कुल मामले 4.47 करोड़ (4,47,15,786) हो गए हैं।

इससे पहले गुरुवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी थी कि देश में तीन हजार से ज्यादा लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं, जो बीते छह महीने में पहली बार हुआ था। बीते सप्ताह तक देश में औसतन 1,500 लोग रोजाना संक्रमित मिल रहे थे। मंत्रालय के अनुसार, एक दिन में कोरोना वायरस के 3,016 मामले दर्ज किए गए थे। इससे पहले दो अक्तूबर 2022 को कोरोना के 3,375 केस सामने आए थे। इसके अलावा कोरोना से 1,396 लोग ठीक भी हुए थे। एक दिन पहले सक्रिय मामले 13,509 थे, जो अब बढ़कर 15,208 हो गए हैं।

### अब नेपाल जाने के लिए मास्क अनिवार्य

रैपिड एंटीजन जांच में एक भारतीय के पॉजीटिव पाए जाने के बाद नेपाल ने मास्क फिर से अनिवार्य कर दिया है। बिना मास्क के झूलाघाट के रास्ते नेपाल जाने वाले लोगों को लौटा दिया जाएगा।

### गर्भावस्था के दौरान कोरोना से संक्रमित हुई मां के बच्चे में मोटापे का खतरा अधिक

गर्भावस्था के दौरान कोविड से संक्रमित माताओं के बच्चों में मोटापे की समस्या अधिक होने की आशंका है। बोस्टन स्थित मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल में किए गए अध्ययन में यह दावा किया गया है। हॉस्पिटल की प्रबंध निदेशक लिंडसे टी फोरमैन ने बताया कि अमेरिका में 2019 के बाद से कोविड-19 के 10 करोड़ से अधिक मामले सामने आए। स्वास्थ्य पर इस संक्रमण के दीर्घकालिक असरों को जानने के लिए यह अध्ययन किया गया। 2019 से 2022 तक चले अध्ययन में सामने आया कि गर्भ में ही कोरोना वायरस के संपर्क में आने वाले बच्चों में मोटापा, मधुमेह और हृदय संबंधी रोगों का खतरा सामान्य बच्चों की तुलना में ज्यादा है। फोरमैन ने बताया कि अध्ययन में 150 नवजात शिशुओं को शामिल किया गया, जिनकी माताएं गर्भावस्था के दौरान कोविड-19 से संक्रमित थीं।

### दर्दनाक हादसाः मॉस्किटो क्वाइल के धुएं से घुटा दम, एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के शास्त्री पार्क में एक बड़ी घटना सामने आई है जो हर उस शख्स के लिए खतरे की घंटी है जो अपने घर में मच्छर भगाने के लिए मॉस्किटो क्वाइल जलाता है। दरअसल शास्त्री पार्क में एक ही परिवार के छह लोग मृत पाए गए।

डीसीपी उत्तर पूर्व ने जानकारी दी है कि रात में परिवार मॉस्किटो क्वाइल जलाकर सोया था और सुबह सभी मृत पाए गए। कहा जा रहा है कि मास्किटो क्वाइल से निकलने वाले कार्बन मोनोऑक्साइड को रातभर सांस के साथ अंदर लेने के कारण यह हादसा हुआ।

## बदल गई प्रेम की परिभाषा, यही फसादों की जड़

श्रीकंचनपथ न्यूज




प्रेम की परिभाषा बदल गई है। अब सिर्फ अफेयर और ब्रेकअप होते हैं। प्रेम आयु, रिश्ता और उम्र नहीं देखता। यह किसी से भी हो सकता है। बस्तर के लोग जंगल, जलस्रोत और प्रकृति के अन्य तत्वों से प्रेम करते हैं। उनकी सुरक्षा करते हैं और उनका सम्मान करते हैं। बस्तर के जंगलों में सागौन के चार वृक्ष हैं। इन पेड़ों को लोगों ने राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का नाम दिया है। इन पेड़ों की उम्र 500 साल से भी अधिक बताई जाती है। आदिवासी बताते हैं कि उनके पड़दादा के पड़दादा के भी पड़दादा ने इन पेड़ों को काटने की कोशिश की थी। विघ्न आ जाने के कारण उन्होंने पेड़ों को उस समय नहीं काटा। फिर यह मान लिया कि प्रकृति देवी स्वयं इन पेड़ों की सुरक्षा चाहती हैं। उन्होंने इसे प्रकृति का निर्देश मानकर स्वीकार कर लिया। उन्होंने पेड़ों को उनका स्पेस दे दिया और ये पेड़ आज 500 साल बाद भी सिर उठाए खड़े हैं। इन पेड़ों को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। मीरा ने भी प्रेम किया था और राधा ने भी। निश्छल, निष्काम प्रेम के प्रतीक के रूप में मीरा और राधा को इतिहास ने याद रखा है। प्रेम अपने प्रिय व्यक्ति के सुख की कामना करता है, उसके लिए दुआ मांगता है। प्रेम पर्सनल स्पेस का सम्मान करता है। प्रेम में व्यापार नहीं होता। प्रेम में कोई प्रतियोगिता भी नहीं होती। प्रेम का कॉपीराइट और पेटेंट नहीं होता। एक ही व्यक्ति से एक, दो या असंख्य लोग प्रेम कर सकते हैं। इसके उलट अफेयर आसक्ति का दूसरा नाम है। इसमें प्राप्त करने की होड़ होती है। प्रभु श्रीराम ने प्रेम किया और रावण आसक्ति के प्रतीक थे। आसक्ति से अफेयर होते हैं। इसमें समर्पण अथवा त्याग की भावना नहीं होती। इसमें प्रिय व्यक्ति या वस्तु को प्राप्त करने की जिद होती है। उसे किसी भी कीमत पर हासिल करने की जिद होती है। मेरी नहीं तो किसी की भी नहीं वाली भावना होती है। इसी भावना के वशीभूत होकर लोग उसी को मौत के घाट उतार देते हैं, जिससे वे प्रेम का वो दावा करते हैं। कोई चाकू मार देता है, कोई तेजाब छिड़क देता है तो कोई मारकर टुकड़े-टुकड़े कर देता है। लोग छोटे-छोटे बच्चों से भी पूछ बैठते हैं कि वह पापा का बेटा है या मम्मी का? यह क्या सवाल हुआ? छत्तीसगढ़ की बेटी और प्रथम अग्निवीर हिशा बघेल से उसका पूरा परिवार प्यार करता है। वह आईएनएस चिल्का पर आयोजित महिला अग्निवीरों के पहले बैच में शामिल थी। वह अग्निवीर बने यह उसका और उसके पिता का साझा सपना था। वह अपना प्रशिक्षण पूरा करे इससे पहले ही पिता की मौत हो गई। घर वालों ने बड़ी मुश्किल से यह बात उससे छिपाई। वो चाहते थे कि पिता तो नहीं रहे पर उनका सपना जरूर पूरा हो। यही सच्चा प्रेम है।



## संपादकीय

# कड़ाई पर चिंता

देश के सर्वोच्च न्यायालय की ओर से एक सलाह या राय आई है कि विधायकों और सांसदों को सजा सुनाने के मामले में निचली अदालतों को सावधान रहना चाहिए। दरअसल, सांसद और विधायक को दो साल या उससे अधिक की सजा होते ही सदस्यता से हाथ धोना पड़ता है। सर्वोच्च न्यायालय की यह राय लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल के मामले में सामने आई है। फैजल को कोर्ट से राहत मिली है और सदस्यता भी बहाल हुई है, पर क्या राहुल गांधी की भी बहाल होगी? आज यही सवाल ज्यादा चर्चा में है। न्यायमूर्ति जोसेफ और न्यायमूर्ति नागरत्ना की पीठ ने लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल व केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह बात कही है। हालांकि, ध्यान देने की बात है कि मोहम्मद फैजल को हत्या की कोशिश के मामले में 10 साल कैद की सजा सुनाई गई थी और उसके बाद ही उनकी सदस्यता गई थी, जबकि राहुल गांधी को तो मानहानि के मामले में दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद ही सदस्यता से हाथ धोना पड़ा है और उन्हें अब सरकारी बंगले से भी निकलना पड़ रहा है।

> याय किसी गरीब या शोषित के लिए उदार हो सकता है, लेकिन किसी रसूखदार या अपराधी के लिए उसे कतई उदार नहीं होना चाहिए। कहीं न कहीं हमारा कानून उदार है, तभी तो दागी पृष्ठभूमि के सैकड़ों नेता विधानसभाओं और संसद में बैठे हैं। दागियों की संख्या किसी को भी विचलित कर देती है। अपराधियों के साथ सही ढंग से न्याय हो, तो उनमें से कोई भी चुनाव लड़ने तक की योग्यता नहीं जुटा सकेगा।

ध्यान रहे, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने अदालत को बताया कि जन-प्रतिनिधित्व कानून की धारा 8(3) के मुताबिक, यदि किसी सांसद अथवा विधायक को दो या उससे ज्यादा साल की सजा होती है, तो उसकी सदस्यता स्वत: तत्काल चली जाती है। इसमें कोई शक नहीं कि फैजल अहमद या राहुल गांधी के साथ जो हुआ है, वह कानून के तहत ही हुआ है। यह भी ध्यान देने की बात है कि पहले जब आपराधिक किस्म के सांसदों पर कार्रवाई नहीं होती थी, तब अदालत की नाराजगी सामने आती थी, पर अब अदालत की कृपा से ही जब कड़ा कानून है और उसे लागू किया जा रहा है, तब नरमी की जरूरत बताई जा रही है। यह एक तरह से विडंबना है। कड़े कानून होने के फायदे भी हैं और नुकसान भी। यह भी सही है कि अगर कड़े कानून न हों, तो अपराधियों में भय नहीं होगा और किसी भी रसूखदार को सजा देने में परेशानी आएगी। लेकिन अब जो सर्वोच्च न्यायालय की सलाह है, उसे किस तरह से लागू किया जाएगा, यह एक बड़ा प्रश्न है। कहीं ऐसा न हो कि उदारता बरतने की नसीहत फिर दागियों का पोषण करने लग जाए! निचली अदालतों में कानून सम्मत अधिकतम सजा देने की परंपरा है और यह कतई गलत नहीं है। अनेक मामलों में निचली अदालतों ने नरमी बरती है और ऊपरी अदालतों में उनकी खूब आलोचना भी हुई है। अत: अदालतें इस बात पर पूरी तरह सहमत हैं कि रसूखदार और आम आदमी पर कार्रवाई के मामले में भेदभाव नहीं बरता जाना चाहिए। न्याय किसी गरीब या शोषित के लिए उदार हो सकता है, लेकिन किसी रसूखदार या अपराधी के लिए उसे कतई उदार नहीं होना चाहिए। कहीं न कहीं हमारा कानून उदार है, तभी तो दागी पृष्ठभूमि के सैकड़ों नेता विधानसभाओं और संसद में बैठे हैं। दागियों की संख्या किसी को भी विचलित कर देती है। अपराधियों के साथ सही ढंग से न्याय हो, तो उनमें से कोई भी चुनाव लड़ने तक की योग्यता नहीं जुटा सकेगा। वस्तुत: एक न्यायाधीश की सलाह को उनकी निजी सलाह के रूप में ही लेना ज्यादा बेहतर है, क्योंकि अभी इस मामले में सुनवाई जारी है। क्या अंतिम फैसले में भी सांसदों-विधायकों को सजा देते हुए सावधानी बतरने की बात होगी, इसका इंतजार करना चाहिए।

## संकट में इजराइली लोकतंत्र

खुद को बचाने की कोशिश में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजराइली लोकतंत्र को स्थायी क्षति पहुंचा दी है। अब देखने की बात होगी कि इजराइली जनमत प्रधानमंत्री को इस मनमानी से रोकने में किस हद तक कामयाब होता है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुद पर चल रहे मुकदमों के असर अपने को बचाने की कोशिश की। इजराइल के इतिहास में सबसे अधिक धुर दक्षिणपंथी सरकार का फिलहाल नेतृत्व रहे नेतन्याहू ने ऐसा कानून पारित कराया, जिससे न्यायपालिका को पंगु बनाने की कोशिश समझा गया है। इस कानून में ऐसा प्रावधान भी है, जिससे सुप्रीम कोर्ट के किसी फैसले को संसद साधारण बहुमत से प्रस्ताव पारित कर निष्प्रभावी बना सकती है। बहरहाल, इजराइली समाज ने इस कोशिश को स्वीकार नहीं किया है। जब से नेतन्याहू की यह मंशा सामने आई, विरोध जताने के लिए वहां की सड़कों पर हजारों लोग लगभग रोजमर्रा के स्तर पर उतरे हैं। कहा जा रहा है कि इस मुद्दे पर इजराइली समाज में जैसा मत-विभाजन हुआ है, वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। विधेयक गुरुवार को संसद में पास हुआ। रात भर की तीखी बहस के बाद विधेयक के समर्थन में 61 वोट पड़े और विरोध में 47 मत। विधेयक के जरिए इजराइल में बेसिक लॉ कहे जाने वाले अलिखित संविधान में संशोधन कर दिया गया है। चूंकि इजराइल में लिखित संविधान मौजूद नहीं है, इसलिए वहां लोकतांत्रिक परंपराओं और कानून के राज को सुनिश्चित कराने में सुप्रीम कोर्ट की बहुत बड़ी भूमिका रही है। लोगों में गुस्सा इस कारण ही भड़का है कि इस कानून के जरिए सुप्रीम कोर्ट के अधिकार को संकुचित किया गया है। इसका अर्थ यह निकाला गया है कि एक वोट के बहुमत से भी सत्ता में आने वाली सरकार अब मनमाने ढंग से राज करने में सक्षण हो जाएगी। यह इस संशोधन का दूरगामी असर होगा। फौरी तौर पर विपक्ष ने इसे नेतन्याहू की मदद करने वाला निजी कानून करार दिया है। दिसंबर 2022 में धुर दक्षिणपंथी पार्टियों के समर्थन से तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नेतन्याहू को डर था कि भ्रष्टाचार के मुकदमों के कारण उन्हें पद के लिए अक्षम करार दिया जा सकता है। मगर खुद को बचाने की कोशिश में उन्होंने इजराइली लोकतंत्र को स्थायी क्षति पहुंचा दी है। अब देखने की बात होगी कि इजराइली जनमत प्रधानमंत्री को इस मनमानी से रोकने में किस हद तक कामयाब होता है।

## विपक्ष की कितनी बैठक होगी?

कांग्रेस पार्टी की ओर से विपक्षी नेताओं को एक करने के लिए उनकी बैठक करने की पहल हुई है। अप्रैल में यह बैठक हो सकती है। लेकिन सवाल है कि विपक्ष की कितनी बैठकें होंगी? कितने नेता विपक्ष की एकता की पहल करेंगे और किसकी पहल को केंद्रीय पहल माना जाएगा? ध्यान रहे तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दिल्ली में हैं और केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं। उनकी पार्टी के सांसद विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने में लगे हैं। उनके दो दिन के प्रदर्शन में ज्यादा से ज्यादा विपक्षी पार्टियों को शामिल करने का प्रयास हो रहा है। वे खुद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, बीजू जनता दल के प्रमुख और ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और जेडीएस के नेता एचडी कुमारस्वामी से मिली हैं।

भारत राष्ट्र समिति के नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव अलग विपक्षी नेताओं की बैठक की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने तमाम विपक्षी पार्टियों को न्योता भेजा है। बताया जा रहा है कि 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर की जयंती पर इन नेताओं की मुलाकात हो सकती है। वे काफी समय से इसकी तैयारी कर रहे हैं। इस मौके पर एक बड़ी रैली भी हो सकती है।

> मानहानि के इस तरह के मुकदमे अमूमन सजा तक नहीं पहुंचते। जिसके ऊपर मानहानि का मुकदमा होता है, वह कुछ हद तक समझौता कर लेता है और मुकदमा करने वाला अपनी शिकायत वापस ले लेता है। मगर इस मामले में अब तक यही दिखा है कि कांग्रेस ने गंभीरता से कानूनी लड़ाई नहीं लड़ी। इससे यही संदेश जाता है कि पार्टी कुछ सियासी लाभ कमाना चाहती है।

# संसद पर लगातार हावी सियासी हंगामा

राहुल वर्मा, फेलो, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च



संसद में चल रहा गतिरोध फिलहाल थमने का नाम नहीं ले रहा। सूरत की निचली अदालत से आए प्रतिकूल फैसले के बाद लोकसभा से राहुल गांधी की विदाई ने कांग्रेस को कहीं ज्यादा हमलावर बना दिया है। उसे इस बार 15 से अधिक दलों का साथ भी मिल रहा है। इससे पहले हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने को लेकर विपक्षी पार्टियां आक्रामक थीं, जिसके जवाब में सत्ता पक्ष भी लंदन में राहुल गांधी के दिए बयान पर माफी मांगने की मांग कर रहा था। अब ऊपरी अदालत से राहुल गांधी को कितनी राहत मिल पाती है या लोकसभा की उनकी सदस्यता बहाल हो पाती है या नहीं, यह तो आने वाले समय में साफहो सकेगा। मगर संसद अभी जिस तरह से सियासी जंग का मैदान बन गई है, उससे कई तरह के सांविधानिक व राजनीतिक प्रश्न खड़े हो रहे हैं।

पहला सवाल बहुत सरल है कि यह टकराव क्या साल 2024 तक (आम चुनाव तक) कायम रहने वाला है? मेरा मानना है कि इसमें कमी की संभावना अभी बेहद कम है। पिछले कुछ महीनों से जिस तरह से गहमागहमी का माहौल बना हुआ है और आरोप-प्रत्यारोप का खेल चल रहा है, उससे संसद के भीतर और बाहर, गतिरोध बढ़ेगा ही। हां, इससे विधायी कार्यों पर शायद ही असर पड़ेगा। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि सत्तारूढ़ दल के पास बहुमत का आंकड़ा है, और जिन विषयों पर उसे ज्यादा सदस्यों की जरूरत होगी, वहां वे दल उसका साथ दे सकते हैं, जो अभी विपक्षी दलों के आंदोलन में शामिल नहीं हैं। इनमें वाईएसआर कांग्रेस पार्टी, बीजू जनता दल, अन्नाद्रमुक जैसे कई दल हैं, जिनकी लोकसभा और राज्यसभा में ठीक-ठाक संख्या है, और ये वक्त-बेवक्त सत्तारूढ़ दल के साथ खड़े भी रहे हैं। फिर, ऐसे विषयों पर भी सहमति बन सकती है, जिन पर कांग्रेस के साथ कदमताल मिला रहे कुछ दल सरकार के साथ आ सकते हैं। इसका मतलब स्पष्ट है कि आम विधायी कार्य संसद में चलते रहेंगे, लेकिन तीखा राजनीतिक टकराव भी लगातार बना रहेगा।

प्रश्न यह भी है कि राहुल गांधी के ईद-गिर्द जो राजनीति करने की कोशिश हो रही है, क्या उससे कांग्रेस सहानुभूति हासिल कर सकती है? क्या चुनाव में बतौर 'विक्टिम कार्ड' इसका फायदा उठाना चाहती है? हां, ऐसा होता दिख रहा है। दरअसल, मानहानि के इस तरह के मुकदमे अमूमन सजा तक नहीं पहुंचते। जिसके ऊपर मानहानि का मुकदमा होता है, वह कुछ हद तक समझौता कर लेता है और मुकदमा करने वाला अपनी शिकायत वापस ले लेता है। मगर इस मामले में अब तक यही दिखा है कि कांग्रेस ने गंभीरता से कानूनी लड़ाई नहीं लड़ी। इससे यही संदेश जाता है कि पार्टी कुछ सियासी लाभ कमाना चाहती है। हालांकि, यहां यह स्पष्ट नहीं है कि यह मंशा किसकी है- कांग्रेस की या राहुल गांधी की? मगर इसका लाभ राहुल गांधी को मिलता जरूर दिख रहा है। पहले उनकी क्षमता पर कई तरह के सवाल उठाए जाते थे, लेकिन 'भारत जोड़ो यात्रा' से पार्टी के अंदर उनकी हैसियत कहीं अधिक मजबूत हुई है और वह कांग्रेस के एकमात्र नेता के रूप में उभर चुके हैं। मौजदा गतिरोध भी एक ऐसा ताना-बाना है, जिसका लाभ उठाकर राहुल को बहस के केंद्र में लाया जा सकता है और कांग्रेस मतदाताओं को अपने पाले में करने का प्रयास कर सकती है।

आखिर भाजपा ऐसा क्यों कर रही है? वह क्यों लगातार राहुल गांधी पर हमलावर है? दिलचस्प है कि भाजपा एक तरफकहती रही है कि राहुल बहुत सफल नेता नहीं हैं और उनमें परिपक्वता व गंभीरता का अभाव है, लेकिन दूसरी तरफ वह राहुल को लगातार निशाने पर भी लेती रही है- भारत जोड़ो यात्रा से पहले भी, इस यात्रा के दौरान भी, लंदन में दिए गए बयान के बाद भी और अब मानहानि के मामले में भी। आखिर उन्हीं पर इतने हमले क्यों? दरअसल, यह भाजपा के नैरेटिव को मजबूत बनाता है। जैसे ही राहुल गांधी विपक्ष का मुख्य चेहरा बन जाते हैं, भाजपा को मदद मिलती है कि वह 'नरेंद्र मोदी बनाम राहुल गांधी' की राजनीति कर सके। इसमें राहुल को वंशवाद का चेहरा और एक अगंभीर नेता के रूप में पेश किया जा सकता है, जबकि मोदी को सामान्य परिवार से आने, धीरे-धीरे राजनीतिक सीढ़ियां चढ़ने और मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में एक लंबा राजनीतिक अनुभव हासिल करने वाला नेता बताया जाएगा।

इसका एक और पहलू है। राहुल गांधी किस तरह का चुनावी अभियान चलाएंगे, इसका अंदाज भाजपा को पहले से मिल सकता है। जैसे, पिछले आम चुनाव में उन्होंने राफेल का मुद्दा उठाया था और चौकीदार से जुड़ा एक नारा लगाया था। इस बार वह अडानी मामले को हवा देते हुए अपना अभियान चला सकते हैं। इतना ही नहीं, राहुल को आगे रखने से भाजपा उन मुद्दों को कमजोर कर सकती है, जो विरोधी खेमों से आगे उठ सकते हैं। दरअसल, भाजपा के खिलाफ विपक्ष यदि एक साथ आना भी चाहता है, वह राहुल गांधी या कांग्रेस को केंद्र में रखने को तैयार नहीं है। ऐसे में, भाजपा यदि राहुल को सुर्खियों में रखेगी, तो वह विपक्ष की राजनीति के केंद्र में आ जाएंगे, जिससे अन्य सियासी मुद्दे गौण हो सकते हैं। शायद यह भाजपा की रणनीति में शामिल है।

जाहिर है, संसद का मौजूदा गतिरोध हाल-फिलहाल में शायद ही थमेगा। तब आखिर इसका निदान क्या हो? अभी यह खुद को झूठा दिलासा देने जैसा होगा कि सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच जल्द ही समझौता हो जाएगा, और संसद सुचारु रूप से चलने लगेगी। हां, हमें ऐसे उपायों पर जरूर ध्यान देना चाहिए, जो दीर्घावधि में राहत लेकर आएं। यह समझना होगा कि देश की राजनीति में जो कुछ घट रहा है, संसद उसका प्रतिबिंब मात्र है। इसीलिए दोतरफा समाधान निकालना आवश्यक है। इसका अर्थ है कि थोड़ा संसद में सुधार हो, जिससे देश की राजनीति सही दिशा पकड़ सके और थोड़ा दिन-प्रतिदिन की सियासत में सुधार हो, ताकि उसका अच्छा असर संसद पर दिखे। साफ है, संसद, राजनीतिक दल और उनकी सियासत, सभी में कुछ हद तक सुधार अनिवार्य है, तभी इस तरह के गतिरोधों का समाधान निकल सकेगा।


**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# थोड़ा-बहुत भी सब सुधर जाएं तो हट जाएंगे कूड़े के पहाड़

वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली, सामाजिक कार्यकर्ता

केरल के कोच्चि ब्रह्मपुरम कूड़ाघर और ट्रीटमेंट प्लांट में इसी 2 मार्च को भयंकर आग लगी थी। नौसेना, वायुसेना के हेलीकॉप्टर, सौ से ज्यादा दमकल वाहन सैकड़ों फायर फाइटर्स व बड़ी-बड़ी तेल कंपनियों की सहायता के बाद भी आग बुझाने में दस दिन से ज्यादा समय लग गया। अमेरिकी विशेषज्ञों की भी मदद ली गई, पर 26 मार्च को यहां फिर आग लग गई। एनजीटी ने कोच्चि लैंडफिल्स अग्निकांड का स्वत: संज्ञान ले 18 मार्च को कोच्चि कॉरपोरेशन पर सौ करोड़ रुपये का दंड भी लगाया था। इस अग्निकांड का स्वत: संज्ञान लेकर केरल हाईकोर्ट ने भी सरकारी अधिकारियों को तलब किया था। आसपास के बाजार, प्रतिष्ठान व स्कूल आदि को बंद करना पड़ा था। प्रदूषण इतना भयानक फैल गया था कि लोगों को मास्क लगाने की सलाह दी गई थी।

वैसे बाहर आग बुझने के बाद भी कूड़े में भीतर- भीतर आग का सुलगते रहना व रह-रहकर भड़क जाना असामान्य नहीं है। भारी मात्रा में पानी से आग बुझाने के दौरान कचरों में ऑक्सीजन पहुंचता है और इससे आग ज्यादा देर तक सुलगती रह सकती है या भड़क सकती है। कूड़े के ढेर या पहाड़ में मिथेन जैसी ज्वलनशील गैसें मुख्यत: जैविक सड़े कूड़े के विघटन से तेजी से ऑक्सीडेसन से पैदा होती हैं। भीतर-भीतर सालों तक अगर आग सुलगती रहे, तो वह अचानक बड़े अग्निकांड को जन्म दे सकती है। दिल्ली व अन्य शहरों में भी कूड़े के पहाड़ सुलगते रहते हैं, पर हम इसे गंभीरता से नहीं लेते।



गरमियों में कूड़े के ढेर या पहाड़ में स्वत: आग लगती रहती है, इसे ऑटोइग्नेशन कहते हैं। इसीलिए केंद्र के 2016 के ठोस कचरा प्रबंधन संबंधी दिशा-निर्देशों में यह शामिल किया गया कि लैंडफिल्स में वही कूड़ा जा सकता है, जो रिसाइकिल न किया जा सके, जो घुलनशील व ज्वलनशील न हो। अनुमानत: भारत के लैंडफिल्स में 60 प्रतिशत कूड़ा बायोडिग्रेबिल या घुलने योग्य होता है, 25 प्रतिशत नॉन-बायोडिग्रेबल व 15 प्रतिशत मिट्टी-बजरी या इनैक्टिव कचरा होता है। हालांकि, यह सच है कि देश में अन्य जगहों की तरह ही कोच्चि डंपयार्ड में 70-80 प्रतिशत कचरा वही पहुंचता है,जो अलग-अलग नहीं किया होता है। कोच्चि डंपयार्ड में प्लास्टिक की मात्रा बहुत ज्यादा थी । कागज, प्लास्टिक, लकड़ी जलाएं, तो अनेक जहरीली गैसें पैदा होती हैं। यही कहानी पूरे भारत की है।

हालांकि, प्रयास और दावे जारी हैं। इसी 23 मार्च को दिल्ली के उप-राज्यपाल ने बताया है कि पिछले सात माह में तीनों लैंडफिल्स में प्रत्येक की ऊंचाई 15 मीटर कम हुई है। कूड़े का इस्तेमाल, सड़क, भवन निर्माण, सीमेंट कारखानों, पेपर मिल्स इत्यादि में हो रहा है। बात स्पष्ट है, दिल्ली में केंद्र के ठोस कचरा प्रबंधन दिशा-निर्देशों की अवहेलना हो रही थी। कोई संदेह नहीं, यदि ईमानदारी से दिशा-निर्देश का अनुपालन हो, तो कूड़े में आग लगने की आशंका कम रहेगी। कोच्चि ब्रह्मपुरम वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट डंपयार्ड में करीब छह लाख टन ठोस कचरा है। यहां पहली बार आग 2013 में लगी थी, 2018 से 2020 के बीच तो सात बार बड़ी आग लगी। चंडीगढ़ के दादूमाजरा लैंडफिल में अप्रैल 2022 तक ही 480 से ज्यादा बार आग लग चुकी थी। 70 एकड़ में फैले दिल्ली के गाजीपुर डंप में 20 अप्रैल, 2022 के पूर्व के तीन साल में 18 बार आग लग चुकी थी। हर किसी को कुछ-कुछ सुधरना होगा। तरीका बदलना होगा। औपचारिक ठेकेदार तो करोड़ों रुपये लेकर बायो माइनिंग करते हैं, किंतु कूड़ा चुनने वाले भी बिना किसी से पैसे लिए यही काम करते हैं। सरकारी व गैर-सरकारी स्तरों पर प्रशिक्षण के साथ-साथ कूड़ा बीनने वालों को उपयुक्त स्वास्थ्य प्रतिरक्षण उपकरण व सुरक्षा व वाजिब मेहनताना भी मिले, तो हम कूड़ा जल्दी हटा पाएंगे। हर किसी को जागना पड़ेगा।

दावा है कि भारत में इंदौर सेवन स्टार कचरा मुक्त शहर है। विश्व स्तर पर उपलब्ध सूचनाओं के अनुसार, स्विट्जरलैंड में कोई कचरा लैंडफिल्स में नहीं जाता है। दक्षिण कोरिया के बारे में भी ऐसा ही कुछ कहा जाता है। स्वीडन में सिर्फ एक प्रतिशत कचरा लैंडफिल्स में जाता है, वहां 52 प्रतिशत कचरे को ऊर्जा में बदला जाता है व 47 प्रतिशत को रिसाइकिल कर दिया जाता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# सत्ता की चाबी के लिए लोटे का चीनी प्रेम

पुष्परंजन

भूटान में 2023 में संसदीय चुनाव हैं। चुनांचे, कुर्सी दोबारा पाने की चाह ने प्रधानमंत्री लोटे को चीन के करीब जाने को विवश कर रखा है। 15 सितंबर, 2018 को पिछली बार आम चुनाव हुआ था। तब आर्थिक असमानता, बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार, क्रिमिनल गैंग के सवाल ने सत्तारूढ़ पीडीपी (पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी) की चूलें हिलाकर रख दी थीं। पीडीपी के भारत के प्रति निष्ठा भाव को भी लोगों ने नकार दिया था। 50 वर्षीय सर्जन लोटे शिरिंग की सेंटर-लेफ्ट पार्टी, ड्रूक न्यामरूप त्शोगपा (डीएनटी) को संसद की 47 में 30 सीटों पर फतह हासिल हुई। इस समय लोटे शिरिंग को तिनके का सहारा के रूप में चीन दिख रहा है।

2008 में लोकतंत्र आने के बाद भूटानी जनता ने किसी एक पार्टी को दोबारा से सत्ता में आने नहीं दिया। 25 जुलाई, 2007 को स्थापित ड्रूक फुंसूम शोंगपा (डीपीटी) को साल भर बाद ही भूटान की सत्ता में आने का अवसर मिला था। 24 मार्च, 2008 के प्रथम आम चुनाव में डीपीटी को 47 में से 45 सीटें हासिल हुई थीं। अपार बहुमत वाली डीपीटी को पांच साल बाद, 2013 के चुनाव में मात्र 15 सीटें मिलीं। 2013 के दूसरे आम चुनाव में विजयी, पीडीपी (पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी) को 32 सीटें मिली थीं। लेकिन पांच साल बाद पब्लिक ने 'पीडीपी' को भी नकार दिया था।

प्रधानमंत्री लोटे शिरिंग पेशेवर सर्जन रहे हैं। इस बार उनकी राजनीतिक सर्जरी यदि सफल हुई, तो इतिहास रचेंगे। लोटे की पार्टी 'ड्रूक न्यामरूप शोगपा' (डीएनटी) के लिए भी अग्नि परीक्षा है। 20 फरवरी, 2023 को थिंपू से प्रकाशित दैनिक 'क्वेनसेल' की रिपोर्ट थी, '2022 में भूटान में 46.7 फीसद बेरोज़गारी है, जिससे सबसे अधिक प्रभावित युवा हैं।' इसका अर्थ यही निकलता है कि प्रधानमंत्री लोटे शिरिंग भी हवा-हवाई साबित हुए हैं। ग्रामीण इलाक़ों में सर्वाधिक तीन लाख 1 हज़ार 37 बेरोज़गार दर्ज किये गये। शहरी बेरोज़गार थे 1 लाख 83 हज़ार 929। थिंपू, गासा, वांगदू, पारो, सरपांग, ज़ेमगांग में कई मौक़ों पर जाना हुआ था, तब विपन्नता और बेरोजग़ारी भयावह रूप में नहीं थी।



प्रधानमंत्री लोटे शिरिंग के लिए जो चिंता वाली बात है, वो ये कि उनकी पार्टी की सदस्यता अर्श से फर्श पर आ गई है। भूटान के निर्वाचन आयोग ने हाल में एक सूची जारी की, जिसमें पार्टियों की सदस्यता का ब्योरा है। पांच साल पहले लोटे की सेंटर-लेफ्ट पार्टी, ड्रूक न्यामरूप त्शोगपा (डीएनटी) के 11 हज़ार से अधिक सदस्य रजिस्टर्ड थे, अब इनकी संख्या केवल 200 रह गई है। ड्रूक फुंसूम शोंगपा (डीपीटी) जिसने भूटान का पहला चुनाव जीता था, उसके सदस्यों की संख्या सर्वाधिक है, 5 हज़ार 267। पीडीपी के सदस्य हैं, 5,143। भूटान क्वेन न्याम पार्टी के केवल 1100 रजिस्टर्ड मेंबर हैं। प्रधानमंत्री लोटे शिरिंग 'औरों को नसीहत, खुद मियां फजीहत' वाली स्थिति में हैं। ऐसे में कोई चीन से आकर उन्हें चुनाव में विजयी बना देगा, इस 'चमत्कार' की प्रतीक्षा कर लेते हैं।

47 सदस्यीय भूटानी संसद 'ग्येलयोंग त्शोग्दू' के वास्ते दो चरणों में मतदान 15 सितंबर और 18 अक्टूबर, 2018 को हुआ था। भूटानी संविधान के मुताबिक, चुनाव के आख़िरी दौर में सिर्फ दो पार्टियां ही मुक़ाबले में रह सकती हैं। सत्तारूढ़ पार्टी ड्रूक फेन्सुम त्शोंगपा (डीपीटी) की हार और सेंटर लेफ्ट विचारधारा वाली लोटे की पार्टी ड्रूक न्यामरूप त्शोंगपा (डीएनटी) की जीत से तब लगा था कि चीन अपना कार्ड खेलेगा।

दिल्ली में जो डिप्लोमेट भूटान डेस्क देख रहे हैं, पांच साल पहले भी चीनी पैठ की ख़बर से उन पर असर नहीं पड़ा था। चीन और भूटान के बीच कूटनीतिक संबंध नहीं हैं, फिर भी नई दिल्ली स्थित चीनी राजदूत लुओ झाओ हुई 2018 में हुए आम चुनाव से पहले, 21 से 25 जनवरी, 2017 को थिंपू में थे। चीनी राजदूत की उन दिनों डीएनटी के अध्यक्ष डॉ. लोटे छिरिंग से मुलाक़ात हुई थी। जनवरी से अक्तूबर, 2018 के बीच नई दिल्ली से चीनी दूतावास के डिप्लोमेट पांच बार थिंपू की यात्रा कर चुके थे।

सेंटर लेफ्ट के नेता से एंबेसडर लुओ झाओ हुई मिल रहे हैं, इस ख़बर पर दिल्ली में चुप्पी-सी थी। एक वाकया पहली अगस्त, 2018 को दिल्ली में ही हुआ था। उस दिन चीनी दूतावास में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की 90वीं वर्षगांठ मनाई जा रही थी, उस मौके पर भूटान के राजदूत वेत्सोप नामग्याल डिनर पर आमंत्रित थे। भूटान के 53 देशों से कूटनीतिक संबंध हैं। चीन उस सूची में नहीं है। बावजूद उसके, चीन के उप विदेश मंत्री खोंग शूएनयू एक हाई लेबल डेलीगेशन के साथ 22 जुलाई, 2018 को थिंपू पधारते हैं।

भूटान में चीन लगातार अपनी कठपुतली सरकार की स्थापना के प्रयास में लगा रहा है। एक उदाहरण ड्रूक नेशनल कांग्रेस (डीएनसी) है, जिसकी स्थापना 16 जून, 1994 को काठमांडो में हुई थी। उसके अध्यक्ष रोंगथोंग कूनले दोरजी काठमांडो में तैनात तत्कालीन चीनी राजदूत शाओ चियोंग छू के संपर्क में आये। उन्हें पार्टी चलाने के वास्ते धन की चिंता से मुक्ति मिल गई। यह नई दिल्ली को रास नहीं आया। रोंगथोंग कूनले दोरजी काठमांडो से किसी बहाने दिल्ली लाये गये। 13 वर्षों तक लगभग रोज़ थाने में हाज़िरी लगाते। दिल्ली के थाने से छुटकारे के बाद रोंगथोंग कूनले दोरजी को सिक्किम जाने का अवसर मिला, वहीं 19 अक्तूबर, 2011 को उन्होंने देह त्याग दिया। चीन अपने प्रयासों से थकता नहीं है। 2018 में चुनाव से पहले जो नई पीढ़ी नेपाल से प्रभावित थी, उसने सेंटर लेफ्ट विचारधारा को भूटान में मज़बूत किया था।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634

# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## राम हम सब के आदर्श, उनके बताए रास्ते पर चलकर सदमार्ग को पा सकते है:ताम्रध्वज साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

महासमुंद। प्रदेश के गृह, लोक निर्माण, धर्मस्व व पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज महासमुंद विकासखंड के ग्राम झालखमरिया में श्री राम जानकी मंदिर समिति के स्वर्ण जयंती कार्यक्रम एवं मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए।



उन्होंने यहां श्री राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं विधायक महासमुंद श्री विनोद चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग, रश्मि चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू ,श्रीमती सती साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

इस अवसर पर धर्मस्व मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि आज रामनवमी के पावन अवसर पर यह सौभाग्य है कि ग्राम झालखमरिया में राम मंदिर स्थापना के स्वर्ण जयंती कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने यहां श्रीराम वाटिका का लोकार्पण भी किया । मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि भगवान राम हम सब के आदर्श हैं उनके बताए रास्ते पर चलकर सदमार्ग और सद्भाव के कार्य किए जा सकते हैं ।उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम झालखमरिया में स्वर्गीय भावसिंह साहू, रामगुलाम साहू और समिति के पदाधिकारियों द्वारा मंदिर की स्थापना करना अपने आप मे ऐतिहासिक है। आज से 100 वर्ष पहले धर्मार्थ के जरिए सेवा संस्कार के कार्य झालखम्हरिया में किए जा रहे हैं। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं स्थानीय विधायक श्री विनोद चंद्राकर ने रामनवमी की शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष श्री सेवक राम साहू संरक्षक डॉ राजेंद्र साहू सदस्यगण ,श्री कुंजलाल साहू,डॉक्टर लखनलाल साहू ,राजेश साहू, दीपक साहू, प्रकाश साहू, ग्रामीण जन एवं धर्म प्रेमी जनता मौजूद थे।

इस तीन दिवसीय समारोह में प्रतिदिन रामायण का आयोजन एवं समापन समारोह में अर्जुंदा के दीपक चंद्राकर कृत लोकरंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## खास खबर

### जिला स्तरीय जैविक कृषि मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

**रायपुर।** जिला पंचायत रायपुर की अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा की अध्यक्षता में ग्राम-गुल्लू में जिला स्तरीय जैविक कृषि मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में खिलेश्वर देवांगन अध्यक्ष-जनपद पंचायत आरंग, श्रीमती केशरी मोहन साहू सदस्य-जिला पंचायत रायपुर, श्रीमती अनिता थानसिंग साहू सदस्य-जिला पंचायत रायपुर, माखन कुर्रे , सदस्य-जिला पंचायत रायपुर, श्रीमती लक्ष्मी हीरादास जांगड़े, सदस्य जनपद पंचायत आरंग, श्रीमती तारा प्रेमनारायण सरपंच-ग्राम पंचायत, गुल्लू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं अजीविका मिशन के स्टॉल लगाये गये ।साथ ही निजी क्षेत्रों के स्टॉल भी लगाये गये। कार्यक्रम में 500 से अधिक कृषक एवं जनप्रतिनिधि ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम अंतर्गत बीज प्रक्रिया केन्द्र, बीज उत्पादक सहकारी समिति एवं ग्राम स्तरीय मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का भ्रमण कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। विभाग की ओर से गयाराम संयुक्त संचालक कृषि विभाग रायपुर, राजेन्द्र कश्यप उप संचालक कृषि विभाग रायपुर, उत्तम कुमार गव्हाड़े अनुविभागीय कृषि अधिकारी रायपुर, जी.पी. वर्मा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वि.खं.- आरंग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक उपस्थित रहें।

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**सूरजपुर।** जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर, गोविन्द नारायण जांगडे जी के मार्गदर्शन में आज ग्राम लांची एवं देवीपुर में हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन। जागरूता शिविर में ओम प्रकाश सिंह चैहान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूरजपुर द्वारा ग्रामिणजन को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए बताया की आपकी गरीबी आपको न्याय दिलाने में रूकावट नही होगी, देश के सभी जिला न्यायालय, उच्च न्यायालयों में विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यलय संचालित है। जहां से अपने प्रकरण संबंधी कोई कानूनी सलाह या अपने प्रकरण की पैरवी हेतु अधिवक्ता की नियुक्ति नि:शुल्क शासन के खर्चे पर प्राप्त किया जा सकता है। आगे उन्होंने बताया की विधिक सेवा प्राधिकरण से नि:शुल्क सेवा का लाभ लेने के लिए महिला, सदस्य तथा 150000 रू. तक के वार्षिक आय वाले सामान्य वर्ग का हर व्यक्ति विधिक सहायता का लाभ प्राप्त कर सकता है।

कुदरगढ़ महोत्सव का रंगारंग समापन

## पारसनाथ राजवाड़े ने संगे संगे नाच लेबो करमां के हुकी जाबो मांदर के ताल के गाने में थिरके

श्रीकंचनपथ न्यूज

सूरजपुर। धार्मिक, पर्यटन तथा प्राकृतिक महत्व एवं जनआस्था का केन्द्र सूरजपुर अंचल की अधिष्ठात्री देवी मां बागेश्वरी के धाम में तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव का बुधवार की शाम रात विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित महोत्सव का समापन हुआ। महोत्सव के अंतिम दिन सरगुजा क्षेत्र के संजय सुरीला हाय रे सरगुजा नाचे फेम, छत्तीसगढ़ के सुपर स्टार पदमश्री श्री अनुज शर्मा छत्तीसगढ़ी कलाकार ने शानदार गीत, संगीत, भजन, राम सिया राम के भजन, छत्तीसगढ़ी गानों की मनमोहक प्रस्तुति देकर समां बांधे रखा लोगों ने छत्तीसगढ़ी गानों का खूब आनंद लिया।



समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरगुजा आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री खेलसाय सिंह, कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े सहित स्थानीय प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन एवं राजगीत के साथ प्रारंभ किया। 27 मार्च को कालामांजन के दो व्यक्तियों को बाघिन ने हमला कर दिया और दो लोगों की मृत्यु हो गई थी। उपस्थित सभी प्रतिनिधियों, अधिकारियों, दर्शकों ने मृत आत्मा की शांति के लिए माता कुदरगढ़ी से प्रार्थना कर दुख शोक संतप्त परिवार के लिए संवेदना प्रकट किए। आकस्मिक घटना घटित होने के कारण तीन दिनों तक चलने वाली कुदरगढ़ महोत्सव दो दिन आयोजित हुआ। सभी प्रतिनिधियों ने विपरीत परिस्थिति के बावजूद कुदरगढ़ महोत्सव के सफलतापूर्वक समापन के लिए कुदरगढ़ ट्रस्ट, भटगांव विधायक श्री पारसनाथ राजवाड़े, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन सहित स्थानीय लोगों के सहयोग की सराहना कर धन्यवाद ज्ञापित किया।चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर 26 मार्च से प्रारंभ कुदरगढ़ महोत्सव के अंतिम दिन सरगुजा क्षेत्र के ख्याति प्राप्त छत्तीसगढ़ी लोक गायक श्री संजय सुरीला एवं पदमश्री छत्तीसगढ़ी के कलाकार श्री अनुज शर्मा सहित स्थानीय कलाकारों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान भटगांव विधायक एवं संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े ने सरगुजा क्षेत्र के सुपरस्टार संजय सुरीला की टीम के साथ संगे संगे नाच लेबो करमां के हुकी जाबो मांदर के ताल में के गाने में थिरके। छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध कलाकार पदमश्री अनुज शर्मा ने अपने अंदाज में दर्शकों को खूब हंसाया एवं माया होगे तोर संग, टूरी आइसक्रीम खा के फरार होगे जी, शानदार गीत, संगीत, भजन, राम सिया राम के भजन, छत्तीसगढ़ी गानों की मनमोहक प्रस्तुति देकर मन मोह लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरगुजा आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री खेलसाय सिंह ने कहा कि यह महोत्सव स्थानीय स्तर पर नहीं बल्कि राज्य एवं देश में अपना ऐतिहासिक, धार्मिक, पर्यटन पर विशेष स्थान बनाया है। इस महोत्सव के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोककला एवं संस्कृति की एक विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि कुदरगढ़ महोत्सव स्थानीय एवं क्षेत्रीय कलाकारों को अपनी कला निखारने एवं छिपी कलात्मक क्षमता को उजागर करने का एक अच्छा अवसर एवं मंच प्रदान करता है। वहीं कलाकारों की लोककला एवं छत्तीसगढ़ कला संस्कृति व ऐतिहासिक स्थलों के बारे में उन्हें अवगत होने का एक सुनहरा अवसर मिलता है। संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े ने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित कुदरगढ़ महोत्सव को भव्य और बेहतर करने के लिए और कार्य किया जाएगा।

## माह अप्रैल से जिले में फोर्टिफाईड चावल का वितरण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुन्द।** राज्य सरकार द्वारा पीडीएस सिस्टम के तहत बीपीएल राशन कार्डधारी परिवारों को माह अप्रैल से छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद जिले में भी संचालित उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से फोर्टिफाईड चावल का वितरण किया जा रहा है। ज़िला खाद्य अधिकारी श्री अजय यादव ने बताया कि महासमुंद जिले में बीपीएल के 2,73,092 राशनकार्ड है। इन राशनकार्ड में कुल 9 लाख 77 हज़ार 553 सदस्य है। ज़िले के 591 शासकीय उचित मुल्य दुकानों के माध्यम से इन बीपीएल राशनकार्डधारियों को फोर्टिफाईड चावल (एफआर.के.) का वितरण किया जाएगा।

कलेक्टर श्री निलेशकुमार क्षीरसागर ने जिले के बीपीएल उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे जिले की उचित मूल्य की दुकानों से वितरित फोर्टिफाईड चावल को उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी से दूर रहें। इस चावल में काफी पोषक तत्व होते है, जो एनीमिया और कुपोषण को दूर करने में कारगर है। फोर्टिफाईड चावल वितरण किए जाने का उदेश्य हितग्राहियों को अतिरिक्त पोषणयुक्त चावल उपलब्ध कराना है। फोर्टिफाईड चावल (एफआरके) मे आयन, फोलिक एसिड, विटामिन बी-12 तथा अन्य मिनरल्स शामिल हैं। फोर्टिफाईड चावल के सेवन से लोगों मे कुपोषण दूर होगा साथ ही स्वास्थ्यगत लाभ मिलेगा। फोर्टिफाईड चावल का मतलब चावल में सौ अनुपात एक के तय अनुपात में एफआरके मिलाया जाता है, यानी सामान्य चावल के सौ दाने मे फोर्टिफाईड (एफआरके) का एक दाना मिलाया जाता है।

फोर्टिफाईड का रंग और आकार सामान्य चावल से थोड़ा भिन्न हो सकता है। कई क्षेत्रों मे फोर्टिफाईड चावल के सम्बन्ध में जानकारी के आभाव मे फोर्टिफाईड चावल मे मिश्रित को अलग कर लिया जाता है और शेष चावल को उपयोग किया जाता है।

## स्वच्छ भारत मिशन: समूह की महिलाओं ने निकाली गई मशाल रैली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) अंतर्गत बनाए गए महिला स्व-सहायता समूहों तथा संगठनों शहर को कचरा मुक्त बनाने अब शहर के समस्त वार्डों में डोर टू डोर पहुंच नागरिकों को स्वच्छता सम्बन्धी सन्देश देते हुए शहर की स्वच्छता में भागीदारी निभाने अपील भी करेंगी।

अभियान के पहले बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन के नेतृत्व में पालिका की टीम ने महिला स्व-सहायता समूहों के नगर में स्वच्छता मसाल रैली निकाली। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने निकल मशाल रैली के दौरान में टीम ने तिरंगा चौक में आम जनता के साथ शहर को कचरा मुक्त बनाने, शहर की स्वच्छता में भागीदारी निभाने, खुले में कचरा नहीं फेंकने, कचरा नहीं जलाने, जलाशयों में कचरा नही फेंकने, खुले में शौच नही करने सहित अन्य बिंदुओं पर स्वच्छता की शपथ ली। जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन शेखर दुबे ने सभी को शपथ दिलाई ।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि नगर के विकास के साथ ही नगर के स्वच्छता पर भी ध्यान देना जरूरी है ।नगर स्वच्छ सुंदर दिखेगा तो गरियाबंद की अलग पहचान बनेगी। यह सभी के भागीदारी से ही संभव हो सकता है। इस दौरान नगर वासियों से अपील करते हुए प्रतिदिन घर से निकलने वाला कचरा वे खुले में फेंकने के बजाय पालिका प्रशासन से आने वाले वाहनों में ही डालें। तालाब, जलाशय इत्यादि के किनारे गंदगी ना फैलाएं। सुखा और गीला कचरा अलग अलग रखे। रैली के दौरान नगर पालिका सीएमओ टामसन रातें, सभापति वंश गोपाल सिन्हा सहित सभी अधिकारी कर्मचारी मौजुद थे ।इधर, मिशन समन्वयक दुबे ने बताया कि राज्य शहरी विकास अभिकरण, छत्तीसगढ़ एवं भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देश पर नगर पालिका परिषद गरियाबंद में स्वच्छ भारत मिशन एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) के द्वारा महिला स्व-सहायता समूहों तथा संगठनों को शहर को कचरा मुक्त बनाने तथा स्वच्छता सम्बन्धी जागरूकता हेतु मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। ये ट्रेनर शहर के समस्त वार्डों में नागरिकों को स्वच्छता सम्बन्धी सन्देश देते हुए शहर की स्वच्छता में भागीदारी निभाने अपील भी करेंगी।

अतिशीघ्र आवश्यकता है
एक प्लॉट सेल करने पर 9-10 प्रतिशत तक का ब्रोकरेज
अनुभविकों के लिए अतिशीघ्र आवश्यकता है...
रियल स्टेट कंपनी में काम किए हुए
अनुभविक एवं फ्रेशर लड़के
एवं लड़कियों की सेल्स एंड मार्केटिंग के लिए...
पार्ट टाइम और फुल टाइम जॉब
सैलरी :-7000-10000/- योग्यता के अनुसार
संपर्क करें : 9109132445
लोकेशन:- भिलाई दुर्ग चरोदा

## तरूण ने श्रवण यंत्र से सबसे पहली सुनी कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी की आवाज : 5 बच्चों को मिला श्रवण यंत्र रूपी वरदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट में 5 दिव्यांग बच्चों को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। ये बच्चे पहले सुनने में असमर्थ थे, जिस कारण से इन्हें अपने दैनिक जीवन में बहुत सी व्यवहारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। श्रवण यंत्र के होने से अब इनके जीवन में सुनने की समस्या से राहत मिला है। अब यह दूसरे लोगों की बात सुन पाएंगे और उनसे बातचीत कर अपनी बात रख पाएंगे, जो कि इनके जीवन के लिए एक वरदान स्वरूप बदलाव है। बरमकेला निवासी 13 वर्षीय छात्र तरूण को कलेक्टर डॉ सिद्दीकी के समक्ष श्रवण यंत्र लगाकर यंत्र की जाँच की गई। तरूण न सुन पाते हैं न ही बोल पाते हैं, जब उनके कानों में श्रवण यंत्र लगाया गया, उसके पश्चात् कलेक्टर ने उनसे चर्चा की और पूछा कि क्या तरूण सुन पा रहा है, तरूण ने प्रतिउत्तर में मुंह खोलते हुए मुस्कान बिखेरते हां में जवाब दिया। तरूण की मुस्कुराहट ही उसके मन की खुशी का इजहार कर रहा था, वह पहली बार सुनने की शक्ति का आनंद लिया। इसी क्रम में ग्राम टिमरलगा सारंगढ़ निवासी रोहन मौर्या ( उम्र 9 वर्ष ) , पिंडरी 'डी' सारंगढ़ निवासी राजवीर बंजारे ( उम्र 9 वर्ष ), गोबरसिंघा बरमकेला निवासी कबीर सिदार ( उम्र 4 वर्ष ) एवं प्राथमिक स्कूल बरमकेला के छात्रा सोनिया सिदार ( उम्र 9 वर्ष ) को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा श्रवण यंत्र के साथ कुल 36 बैटरियाँ भी दी गई। विभाग के अधिकारी ने बताया कि इसमें से प्रत्येक बैटरी कुल दो महीने तक चलेगी। इस यंत्र को पानी से भीगने से बचाना है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफआर निराला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन एल इजारदार एवं समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री विनय कुमार तिवारी उपस्थित थे।



आवश्यकता है
लड़के एवं लड़कियों की
वेतन चार अंकों में
भिलाई मसाला उद्योग
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### जोत-जंवारा विसर्जन में छलकी आस्था, पैरों को जलन से बचाने पानी छिड़का

**रायपुर ( ए )।** चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन नवमी तिथि पर जोत जंवारा विसर्जन में भक्ति उल्लास छाया रहा। माता के जसगीत गाते हुए भक्तगण और विसर्जन करने के लिए सिर पर जोत-जंवारा धारण किए महिलाएं भक्तिभाव से शामिल हुईं। जंवारा का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। जंवारा विसर्जन जुलूस में छोटे-छोटे बच्चे व युवक भी माता के प्रति श्रद्धा प्रकट करते हुए अपने गालों व हाथों पर नुकीले बाण व सांग धारण किए चल रहे थे।

यह नजारा नवरात्रि के अंतिम दिन गुरुवार को नवमी तिथि पर ज्योति-जंवारा विसर्जन के दौरान दिखाई दिया। कलश यात्रा रामसागरपारा, बढ़ईपारा, तात्यापारा, ब्राह्मण पारा होते हुए कंकाली तालाब पहुंची। कुछ लाखेनगर, पुरानी बस्ती, महामाईपारा, बनियापारा, टूरी हटरी, आमापारा, बजरंग नगर, कालीबाड़ी, बूढ़ापारा, सत्तीबाजार से से होते हुए तालाब पहुंचकर विसर्जित की गई।

विसर्जन यात्रा में खास बात यह रही कि तेज धूप में जब महिलाएं नंगे पैर तपती सड़क पर निकलीं तो पैरों को जलन से बचाने श्रद्धालुओं ने सड़क पर पानी का छिड़काव किया। सत्तीबाजार इलाके में अनेक लोगों ने अपने घर के सामने पानी छिड़ककर तपती सड़क को ठंडा करने का प्रयास किया। विसर्जन यात्रा के आगे सेवादार दरी बिछाते चल रहे थे। जैसे ही महिलाएं दरी से गुजरती वैसे ही सेवादार दरी उठाकर फिर आगे की ओर बढ़ जाते। ढोल, धमाल, गाजे-बाजे के साथ निकाली गई जंवारा विसर्जन यात्रा में मन्नतधारी युवाओं ने अपने गालों और हाथों को नुकीले तीर, भालों से भेदकर सांग-बाणा धारण किया। उन्हें देखने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा।

### रामनवमी पर कौशल्या मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, जन्मोत्सव पर 12 बजते ही गूंजे जय श्रीराम के नारे

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में रामनवमी की धूम देखने को मिल रही है। राजधानी के वीआइपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर, जैतू साव मठ, दूधाधारी मठ, कौशल्या मंदिर में भगवान श्रीराम की पूजा के लिए भक्तों की भीड़ जमा हो रही है।

जैसे ही दोपहर के 12 बजे वैसे ही मंदिरों में श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धा-उल्लास से मनाया गया। मंदिरों में पंडित-पुजारियों के अलावा श्रद्धालुओं ने भी भगवान श्रीराम की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक किया। इसके बाद सुगंधित फूलों और सोने-चांदी के जेवरों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। श्रृंगारित रूप के दर्शन, पूजन करने भक्तों का तांता लगा रहा। महाआरती में 'श्रीरामचंद्र कृपालु भज मन, हरन भव भय .' के स्वर गूंज उठे।

पुरानी बस्ती स्थित ठाकुर रामचंद्र स्वामी जैतूसाव मठ, मठपारा के दूधाधारी मठ, पुरानी बस्ती के नागरीदास मठ, गोपीदास मठ, बैरनबाजार के श्रीराम-जानकी मंदिर, गुढ़ियारी मच्छी तालाब स्थित मंदिर, वीआइपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर, कौशल्या मंदिर समेत अनेक मंदिरों में महाआरती की गई।

वीआइपी रोड के श्रीराम मंदिर में पंडित हनुमतलाल, दूधाधारी मठ में महंत रामसुंदरदास सहित अनेक पंडितों के सानिध्य में पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई। पुरानी बस्ती के ठाकुर रामचन्द्र स्वामी जैतूसाव मठ में दुग्धाभिषेक के बाद विशेष श्रृंगार के बाद दोपहर 12 बजे महाआरती हुई।

जैतूसाव मठ के ट्रस्टी सचिव महेन्द्र कुमार अग्रवाल ने बताया किश्रीराम जन्मोत्सव के पांच दिवसीय आयोजन में दूसरे दिन शुक्रवार को 11 क्विंटल मालपुआ एवं मंजरी का महाभोग लगाया जाएगा। शाम पांच बजे प्रसाद वितरित किया जाएगा।

# भक्ति, ज्ञान और शक्ति के समुच्चय हैं श्री हनुमानः सीएम बघेल

### हनुमान चालीसा महापाठ कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम परिसर में श्री हनुमान महापाठ समिति तथा जीवन प्रबंधन समूह रायपुर द्वारा आयोजित श्री हनुमान चालीसा महापाठ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी हनुमान भक्तों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया।





कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल ने पंडित विजयशंकर मेहता द्वारा 'सफलता की दौड़-परिवार मत तोड़' विषय पर व्याख्यान का श्रवण किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि आज रामनवमी है और आज का दिन बहुत पावन है। उन्होंने कहा कि श्री हनुमान भक्ति, ज्ञान और शक्ति के समुच्चय हैं, उनसे बड़ा कोई योगी, भक्त, ज्ञानी या बलशाली और कोई नहीं हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हनुमान जी जैसा चरित्र शायद ही किसी वेद, पुराण या ग्रंथ में मिले।

मुख्यमंत्री ने सभी को रामनवमी की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए इस आयोजन के लिए आयोजन समिति को भी बधाई दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हनुमान चालीसा का वाचन कर रहे पंडित विजय शंकर मेहता को विशेष धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, शदाणी दरबार के पीठाधीश्वर महंत युधिष्ठिर लाल, रायपुर नगर निगम के सभापति प्रमोद शर्मा, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार हिमांशु द्विवेदी सहित श्री हनुमान महापाठ समिति से विजय अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, मुकेश शाह मोहन पवार सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन का लेना है स्वाद तो आइए गढ़कलेवा

### गर्मी में जल्द शुरू होगा आम पना और बेल शर्बत

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद लोगों तक पहुंचाने की उपलब्धि गढ़कलेवा को जाता है। गढ़कलेवा रायपुर शहर के बीचोबीच स्थित महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में स्थित छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के खान-पान का स्थल है। यहां केवल पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन ही परोसे जाते है। अगर आप भी चिला, फरा, बड़ा, बोरे-बासी, आम पना, अंगाकड़ रोटी, चावल की रोटी के साथ मिर्च की चटनी के शौकीन है तो गढ़कलेवा आइए। खास बात यह है कि इसका संचालन भी महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। गढ़कलेवा की स्थापना 26 जनवरी 2016 में हुई थी। यहां खाद्य पदार्थों को परोसने के लिए भी छत्तीसगढ़ के पारंपरिक संस्कृति में इस्तेमाल किए जाने वाले कांसे और पीतल के बर्तनों की व्यवस्था है।



#### छत्तीसगढ़ी खानपान के साथ पूरा माहौल छत्तीसगढ़िया

गढ़कलेवा में छत्तीसगढ़ी खानपान के साथ पूरा माहौल भी ग्रामीण परिवेश में है। इस स्थान पर बस्तर के मुरिया जनजाति के कलाकारों ने लकड़ी पर कारीगरी के आधार पर आकर्षक सौंदर्य का अंकन है। इसके साथ ही सरगुजा के कारीगरों ने भी मिट्टी के रिलीफ वर्क और जाली तथा पारंपरिक लिपाई-पुताई के नमूने दीवार पर अंकित है। इसका संचालन ज्ञानदीप महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। इसकी अध्यक्ष रेखा तिवारी, सदस्य मंजू अर्जरिया, राजेश्वरी अग्रवाल सहित 40 से 50 महिलाएं है।

#### अपनों के साथ बैठकर खाने का अलग ही मजा

गढ़कलेवा में चिला-फरा सहित अन्य छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के शौकीन अपने पूरे परिवार के साथ आते है और यहां ग्रामीण परिवेश में बैठकर बड़े ही आराम से बातचीत करते व्यंजन का लुत्फ उठाते है। यहां ग्रामीण परिवेश में पेड़ के नीचे या मितान, संगवारी, घरौंदा, पहुना,ठिहा आदि में बैठकर अपने मनपसंद छत्तीसगढ़ी व्यंजन खाता है। साफ-सफाई व सर्विस के मामले में भी यहां कभी कोताही नहीं बरती जाती। सुबह खुलने से लेकर रात बंद होने तक यहां छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की खुशबू फैलती है। यहां आकर एकदम से आर्डर देने की बाध्यता भी नहीं है और आराम से बैठकर बातचीत कीजिए और जब मन करें पसंदीदा व्यंजन का आर्डर करें। अब बढ़ती गर्मी को देखते हुए जल्द ही यहां शुरू होने वालाा है आम पना, बेल शर्बत और बोरे-बासी।

# किसानों ने मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का किया भ्रमण



**रायपुर ( ए )।** जिला पंचायत रायपुर की अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा की अध्यक्षता में ग्राम-गुल्लू में जिला स्तरीय जैविक कृषि मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं अजीविका मिशन के स्टॉल लगाये गये। साथ ही निजी क्षेत्रों के स्टॉल भी लगाये गये। कार्यक्रम में 500 से अधिक कृषक एवं जनप्रतिनिधि ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम अंतर्गत बीज प्रक्रिया केन्द्र, बीज उत्पादक सहकारी समिति एवं ग्राम स्तरीय मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का भ्रमण कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। विभाग की ओर से गयाराम संयुक्त संचालक कृषि विभाग रायपुर, राजेन्द्र कश्यप उप संचालक कृषि विभाग रायपुर, उत्तम कुमार गव्हाड़े अनुविभागीय कृषि अधिकारी रायपुर, जी.पी. वर्मा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वि.खं.-आरंग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक उपस्थित रहें।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में खिलेश्वर देवांगन अध्यक्ष-जनपद पंचायत आरंग, केशरी मोहन साहू सदस्य-जिला पंचायत रायपुर,अनिता थानसिंग साहू सदस्य-जिला पंचायत रायपुर,माखन कुर्रे , सदस्य-जिला पंचायत रायपुर, लक्ष्मी हीरादास जांगड़े ,सदस्य जनपद पंचायत आरंग, तारा प्रेमनारायण सरपंच-ग्राम पंचायत, गुल्लू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में द्वारिका साहू सदस्य अपेक्स बैंक छग, गोविंद चन्द्राकर सदस्य छग राज्य कृषि एवं बीज विकास निगम, एवं श्रवण चन्द्राकर, सदस्य-कृषक कल्याण परिषद छग विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों के संधारण और नवीनीकरण कार्यो में छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य

### अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग की 75 सड़कों का भी किया गया संधारण

#### आदिवासी बहुल सरगुजा संभाग की 146 सड़कों का किया गया नवीनीकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों के संधारण और नवीनीकरण कार्यो में छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की निर्मित सड़कों के नवीनीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा नियमित रूप से बजट उपलब्ध कराने से मिली है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य शासन से इस योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों के संधारण के लिए सर्वाधिक 700 करोड़ रुपए का बजट मिला। वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य 6000 किलोमीटर सड़कों के नवीनीकरण के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 5436 किलोमीटर के नवीनीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है।



पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री चौबे ने इस संबंध में बताया कि प्रदेश के अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों के संधारण और नवीनीकरण कार्य में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बस्तर संभाग की अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र की 231 किलोमीटर लम्बी 75 सड़कों का 37 करोड़ रुपए की लागत से संधारण किया गया। इसी तरह आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सरगुजा संभाग की 146 सड़कें, जिनकी लम्बाई 560 किलोमीटर है, उनका संधारण 90 करोड़ रुपए की लागत से किया गया। अति नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिला अंतर्गत पूर्व में कोई भी नवीनीकरण के कार्य नहीं हुए थे, वहां भी सड़क निर्माण पश्चात् पहली बार 10.50 किलोमीटर लम्बी 04 सड़कों के नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में नवीनकरण कार्य हेतु 2915 किलोमीटर लम्बी 782 सड़कों के संधारण के लिए 779 करोड़ रुपए की राशि प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों में नवीनीकरण कार्य हेतु नियमित रूप से राज्य शासन द्वारा बजट उपलब्ध कराये जाने के फलस्वरूप नवीनीकरण कार्य में देश में अग्रणी स्थान पर है।

पंचायत मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों का संधारण एवं रखरखाव का दायित्व राज्य सरकार का रहता है। भारत सरकार द्वारा इसके लिए कोई भी राशि नही दी जाती है। इस संबंध में भारत सरकार को भी केन्द्रांश दिये जाने का अनुरोध किया जाता रहा है। प्रदेश में योजना के प्रारंभ से अब तक कुल 8193 सड़कें लंबाई 40,234 किलोमीटर का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इन निर्मित सड़कों से 10,590 पात्र बसाहटें लाभान्वित हो चुकी है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा निर्मित सड़कें ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए आवागमन का एक मात्र बारहमासी मार्ग होता है। ग्रामीणों के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें जीवन रेखा के समान है।

पंचायत मंत्री ने बताया कि कार्य पूर्णता पश्चात् 05 वर्ष तक नियमित संधारण कार्य का दायित्व अनुबंधकर्ता ठेकेदार का होता है। निर्मित सड़को का उचित रखरखाव नहीं होने से सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाती है जिसे दृष्टिगत रखते हुये राज्य शासन द्वारा संधारण कार्यो में पर्याप्त सतर्कता बरती जा रही है। कुल निर्मित सड़कों में से 3664 सड़कें लंबाई 17,577 कि.मी. पांच वर्ष नियमित संधारण के अंतर्गत हैं, शेष सड़कों के निर्माण की पांच वर्ष की अवधि पूर्ण हो जाने के पश्चात नवीनीकरण की स्थिति में हैं। अब तक कुल 5609 सड़कें जिनकी लंबाई 22,700 किलोमीटर का नवीनीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# हाथों से टैनिंग हटाने के लिए अपनाएं ये 5 असरदार घरेलू नुस्खे



अत्यधिक धूप के संपर्क में आने पर त्वचा पर टैन हो सकता है। धूप के संपर्क में आने पर त्वचा मेलेनिन का अधिक उत्पादन करती है, जिससे टैन यानी त्वचा का रंग फीका होने लगता है और इससे छुटकारा पाना काफी मुश्किल हो जाता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जो हाथों से टैनिंग दूर करने में प्रभावी साबित हो सकते हैं।

### योगर्ट का करें इस्तेमाल

योगर्ट में एल-सिस्टीन पेप्टाइड होता है, जो टायरोसिनेस गतिविधि को दबाने के लिए जाना जाता है। यह हाथों से टैन को कम कर सकता है। लाभ के लिए 2-3 बड़ी चम्मच योगर्ट में 1 बड़ी चम्मच नींबू का रस मिलाएं। अब इस मिश्रण को हाथों पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर हाथों को सादे पानी से धो लें। इस मिश्रण को आप हफ्ते में 1 से 2 बार अपने हाथों पर लगा सकते हैं।

### टमाटर करेगा मदद

टमाटर बायोएक्टिव यौगिकों से भरपूर होते हैं, जिन्हें कैरोटेनॉयड्स कहा जाता है। ये फोटो प्रोटेक्टेंट के रूप में कार्य करके सूरज की हानिकारक पैराबैंगनी किरणों के कारण होने वाले टैन को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए टमाटर को ब्लेंड करके गाढ़ा पेस्ट बना लें। इसके बाद पेस्ट को हाथों पर लगाएं और 15 मिनट के बाद हाथों को पानी से धो लें। हफ्ते में 2 बार इसे दोहराने से जल्द फायदा मिलेगा।

### नींबू भी है प्रभावी

विटामिन-ष्ट या एस्कॉर्बिक एसिड से भरपूर नींबू का रस एंटी-पिगमेंटरी गुणों के लिए भी जाना जाता है, जो त्वचा से टैन के प्रभाव को कम करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए एक नींबू का रस निकाल लें और थोड़े-से पानी के साथ मिलाएं। अब इसमें एक कॉटन बॉल भिगोकर इसे हाथों पर लगाएं। 15-20 मिनट के बाद हाथों को पानी से धो लें। इसे हफ्ते में दो बार दोहराएं।

### एलोवेरा दिला सकता है राहत

एलोवेरा में बायोएक्टिव कंपाउंड होते हैं, जो त्वचा के टैन को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए एलोवेरा की पत्ती से जेल निकाल लें और इसे शहद के साथ मिलाएं। अब इस मिश्रण को हाथों पर लगाएं और 10 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद हाथों को सादे पानी से धो लें। अच्छे परिणाम के लिए इस मिश्रण को हफ्ते में 2 से 3 बार अपने हाथों पर लगाएं।

### खीरा भी है लाभदायक

खीरे में न केवल मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं, बल्कि इसमें बायोएक्टिव यौगिक (जैसे ट्रांस, सिस-2, 6-नॉनएडिएनल) भी होते हैं। ये टैनिंग को दूर करने में सहायक हो सकते हैं। लाभ के लिए आधे खीरे को काटकर ब्लेंड करें और फिर इसे 1 बड़ी चम्मच एलोवेरा जेल के साथ मिलाएं। अब इस मिश्रण को हाथों पर लगाएं और 5 मिनट के बाद हाथों को धो लें। इसे हफ्ते में 1 बार तब तक लगाएं जब तक टैन गायब न हो जाए।

# खर्राटे की समस्या को दूर करने के लिए करें ये योगासन

किसी भी व्यक्ति को सोते वक्त खर्राटे तब आते हैं जब उसकी नाक और गले के माध्यम से हवा का मार्ग सिकुड़ जाता है। इससे ब्रीथिंग साइकिल बाधित हो जाती है। हालांकि, इससे खर्राटे वाले व्यक्ति के अलग-बगल सोने वालों की भी नींद खराब हो जाती है। इसे नियंत्रित करने के लिए कई उपकरण हैं, लेकिन अपनी जीवनशैली में कुछ योगासन को शामिल करने से इससे जल्द राहत मिल सकता है। आइए आज इसी से जुड़े 5 योगासन जानते हैं।



### भुजंगासन

भुजंगासन के लिए योगा मैट पर दोनों हाथों को कंधों के बगल में रखकर पेट के बल लेट जाएं। अब हाथों से दबाव देते हुए शरीर के ऊपरी हिस्से को उठाएं और दोनों पैरों को सीधा रखते हुए स्ट्रेच करें। इसके बाद 30 सेकंड इसी मुद्रा में बने रहें और फिर धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं। यह मुद्रा छाती को फैलाने में मदद करती है, जिससे सांस लेने में आसानी होती है।

### धनुरासन

धनुरासन के लिए सबसे पहले योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। अब अपने दोनों घुटनों को अपनी पीठ की तरफ मोड़ें और हाथों से टखनों को पकड़ने की कोशिश करें। इसके बाद सांस लेते हुए अपने पूरे शरीर को इस प्रकार ऊपर उठाने की कोशिश करें कि शरीर का आकार धनुष के समान लगे। यह मुद्रा गहरी सांस लेने और छोड़ने के साथ आपकी सांस को नियंत्रित करने में मदद करती है।

### भ्रामरी प्राणायाम

सबसे पहले योगा मैट पर पद्मासन की स्थिति में बैठ जाएं। अब अपने दोनों हाथों को कोहनियों से मोड़कर अपने कानों के पास लाएं और अंगूठों से अपने दोनों कानो को बंद करें। इसके बाद अन्य उंगलियों को आंखों के ऊपर रखकर उन्हें बंद कर लें। अब नाक से सांस लेते हुए हम्म का उच्चारण करें। कुछ मिनट बाद धीरे-धीरे आंखों को खोलें और प्राणायाम को छोड़कर सामान्य हो जाएं।

### कपालभाति प्राणायाम

सबसे पहले योगा मैट पर पद्मासन की स्थिति में बैठ जाएं और अपने दोनों हाथों को घुटनों पर ज्ञान मुद्रा में रख लें। अब अपनी दोनों आंखों को बंद करें और अपने पूरे शरीर को ढीला छोड़कर नाक से गहरी सांस लें। इसके बाद पेट की मांसपेशियों को सिकोड़ते हुए सांस छोड़ें और सांस छोड़ते समय ज्यादा दबाव न डालें। इस योग से आपको बेहतर और गहरी नींद आने में मदद मिलेगी।

### सिंहासन (लायन पोज)

सिंहासन के लिए सबसे पहले वज्रासन की मुद्रा में बैठें और फिर घुटनों को खोलते हुए शेर की मुद्रा में बैठ जाएं। अब अपने दोनों हाथों को घुटनों के ऊपर रखें। इसके बाद चेहरे की मांसपेशियों पर दबाव डालते हुए जीभ को नीचे की ओर से बाहर निकालें और मुंह खोलकर शेर की तरह दहाड़ लगाएं। यह योग आसन आपके गले की मांसपेशियों को आराम देता है और छाती में तनाव को दूर करता है।

# बायोपिक संत तुकाराम में फीमेल लीड रोल करेंगी शीना चौहान

द फेम गेम की अभिनेत्री शीना चौहान को संत तुकाराम बायोपिक में महिला प्रधान भूमिका निभाने के लिए अनुबंधित किया गया है। उन्होंने मराठी संत तुकाराम की पत्नी अवलई जीजाबाई के चरित्र को समझने के दौरान आने वाली चुनौतियों को साझा किया।

उन्होंने कहा- चरित्र के लिए अपने निर्देशक और सह-कलाकारों के साथ गहराई से शोध करने और सहयोग करने से ज्यादा मुझे कुछ भी पसंद नहीं है .. इसलिए यह फिल्म सबसे अच्छे अनुभवों में से एक है। आदित्य ओम सर ने हर विवरण को सुनिश्चित करने के लिए इतनी मेहनत कीं। उन्होंने वास्तव में मुझे अपनी सीमा के पार जाने में पूरी तरह से मदद की। अवलाई जीजाबाई कौन थीं, वह कहां से आई थीं, उनकी प्रेरणाएं क्या थीं और वह क्या था जिसने संत तुकाराम के साथ उनके रिश्ते को इतना खास बना दिया।

एक ऐतिहासिक भूमिका की तैयारी की चुनौतियों के बारे में बात करते हुए, शीना ने कहा: यह कई मायनों में बहुत कठिन है, क्योंकि लोग जीजाबाई के बारे में जीवन भर सुनते हुए बड़े हुए हैं, उनकी कहानी महाराष्ट्र के स्कूलों में पढ़ाई जाती है, इसलिए लोगों के पास पहले से ही एक छवि है उसके दिमाग में। इसमें बहुत सारे शोध शामिल थे और बोली सीखना भी एक काम था।

मराठी अभिनेता सुबोध भावे आदित्य ओम द्वारा निर्देशित बायोपिक में संत तुकाराम की भूमिका निभा रहे हैं।



# मल्टीकट स्टाइलिश आउटफिट में नुसरत भरूचा दिखीं गजब की बला, तस्वीरों पर फैंस ने लुटाया प्यार


बॉलीवुड अदाकारा नुसरत भरूचा फिल्मों के साथ ही सोशल मीडिया पर अपने हुस्न का जलवा बिखेरती रहती हैं। उनकी स्टनिंग तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने बेहद ही स्टाइलिश तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, उनकी कातिलाना तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। नुसरत भरूचा ने मल्टीकट आउटफिट में शिमरी शॉर्ट आउटफिट पहन रखी है, जो फैंस के दिलों को बेताब कर रही है। नुसरत भरूचा अपनी फिल्मों के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी एक झलक के दीवाने रहते हैं। नुसरत भरूचा बेहद ही बोल्ड और कातिलाना नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा की तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हैं, उनकी तस्वीरों पर बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। एक्ट्रेस अपने फैंस के लिए अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। अदाकारा के इस दिलकश अंदाज को देखकर फैंस बेकाबू हो रहे हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा की तस्वीरों पर फैंस लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। साथ ही उनकी तस्वीरों शेयर भी कर रहे हैं।

# जैकलीन फर्नांडिस ने फतेह का पहला शेड्यूल किया पूरा



बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने अमृतसर में फतेह का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। फतेह अभिनेत्री की अगली फिल्म है। जैकलीन अमृतसर में अपने हिस्से की शूटिंग कर रही थीं और शहर में फिल्म की टीम के साथ अच्छा समय बिताया। अमृतसर में शूटिंग के दौरान, अभिनेत्री अपने प्रशंसकों के लिए शहर में अपने अद्भुत समय की कुछ झलकियां लेकर आईं हैं। जैकलीन ने उत्तर भारतीय शहर से अपनी यादों को साझा करने के लिए अपने इंस्टाग्राम का सहारा लिया। उन्होंने एक फैन से अपना स्केच प्राप्त करने, लस्सी का आनंद लेने से लेकर स्वादिष्ट पंजाबी खाना खाने तक कई चीजें साझा कीं। अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने कैप्शन में लिखा, थैंक यू अमृतसर हैशटैग फतेह, अट द रेट सोनू सूद, अट द रेट जी स्टूडियो ऑफिशियल, अट द रेट वैभव मिश्रा 23, अट द रेट फतेह 4 भारत। जैकलीन ने फतेह की शूटिंग के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ समय बिताया, जिसमें सोनू सूद भी थे। एक्ट्रेस सोनू के साथ गोल्डन टेंपल भी गईं। सोनू सूद के साथ फतेह के अलावा, जैकलीन के पास विद्युत जामवाल और अर्जुन रामपाल के साथ क्रैक फिल्म भी है।

# विदेश में फिर बजा प्रियंका चोपड़ा के नाम का डंका



प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड इंडस्ट्री को कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। साथ ही एक्ट्रेस हॉलीवुड इंडस्ट्री में धमाल मचाती हुई ग्लोबल आइकन बन चुकी हैं। एक्टिंग के साथ ही प्रियंका ने सिंगिंग में भी अपना सफल हाथ आजमाया। इसके अलावा वह एक लेखक और सक्सेसफुल बिजनेसवुमेन भी हैं। हाल ही में एक यूके स्थित सौंदर्य तुलना मंच की एक रिपोर्ट जारी की गई, जिसमें हालिया सालाना रेवेन्यू के आधार पर 2023 के सबसे धनी सेलिब्रिटी ब्यूटी ब्रांड की सूची शामिल है। इस लिस्ट में रिहाना के कॉस्मेटिक ब्रांड के ठीक बाद प्रियंका चोपड़ा का हेयर केयर ब्रांड है। रिहाना के कॉस्टमेटिक प्रोडक्ट 'रिहाना फेंटी ब्यूटी' ने 477.2 मिलियन पाउंड के साथ 2023 के सबसे धनी सेलिब्रिटी सौंदर्य ब्रांड की कॉस्मेटिफाई की सूची में पहला पायदान हासिल किया है। वहीं, प्रियंका चोपड़ा अपने हेयर केयर ब्रांड के 429.9 मिलियन पाउंड के साथ सूची में दूसरे स्थान पर आ गई हैं। इस सूची में तीसरे नंबर पर काइली जेनर हैं, जिनके कॉस्मेटिक ब्रांड का 301.4 मिलियन पाउंड राजस्व है।

चौथे नंबर पर एरियाना ग्रांडे का ब्यूटी ब्रांड 70.3 मिलियन पाउंड के साथ है। सेलेना गोमेज की रेयर ब्यूटी ने 50.2 मिलियन पाउंड राजस्व के साथ सूची में पांचवां पायदान हासिल किया है। गौरतलब हो कि प्रियंका के हेयर केयर ब्रांड की शुरुआत साल 2022 में हुई थी। बिजनेस के क्षेत्र में कदम रखने के बारे में बोलते हुए देसी गर्ल ने एक इंटरनेशनल मैगजीन को बताया, 'मैंने अभी हाल ही में सौंदर्य और मनोरंजन इंडस्ट्री दोनों के बिजनेस पक्ष में हाथ आजमाया है।'

वर्क फ्रंट की बात करें तो, हाल ही में प्रियंका चोपड़ा की अपकमिंग वेब सीरीज 'सिटाडेल' का दूसरा ट्रेलर जारी हुआ है। ट्रेलर में प्रियंका धाकड़ एक्शन करती नजर आई हैं, जिसे देख 'सिटाडेल' के लिए फैंस का उत्साह और ज्यादा बढ़ गया है।

गौरतलब हो कि 'सिटाडेल' का प्रीमियर 28 अप्रैल को अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा, जिसके नए एपिसोड हर शुक्रवार जारी किए जाएंगे। सीरीज में मुख्य किरदार में रिचर्ड मैडेन और प्रियंका चोपड़ा जोनस हैं, जो एजेंट मेसन केन और नादिया सिंह की भूमिकाओं में हैं। रूसो ब्रदर्स द्वारा निर्देशित 'सिटाडेल' एक स्पाई थ्रिलर सीरीज है, जिसकी कहानी प्रियंका चोपड़ा और रिचर्ड मैडेन के इर्द-गिर्द घूमती है।


दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### बूढ़ादेव यात्रा का समाज के लोगों ने किया भव्य स्वागत

**नगरी।** अपने पुरखा देवता के सम्मान और छत्तीसगढिया़ संस्कृति की स्थापना को लेकर छत्तीसगढिया़ क्रांति सेना प्रदेशभर में बुढ़ादेव यात्रा निकाली जिसका समापन 8 अप्रेल को रायपुर स्थित बूढ़ातालाब में होना है । इसी कड़ी में यह यात्रा धमतरी जिला के नगरी ब्लॉक में पहुँची। गुरुवार को नगरी शहर के गोंडवाना भवन से प्रात: 9.30बजे बूढ़ादेव यात्रा शहर भ्रमण करते हुए सांकरा होते गरियाबंद के लिए निकली। सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी द्वारा रथ का स्वागत किया गया । गोंडवाना भवन के पास स्तिथ शहीद वीर नारायण सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर डमकाडीही से रानी दुर्गावती चौक से नगर के हृदय स्थल बजरंग चौक होते सांकरा को रथ निकली जगह जगह रथ का स्वागत कर कांसा दान किया गया। समाजजनों द्वारा बाइक रैली के माध्यम से बूढ़ादेव यात्रा की अगवानी की गई। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज जिला युवा अध्यक्ष प्रमोद कुंजाम,तहसील अध्यक्ष उमेश देव,संतकुमार नेताम,टिकेश्वर ध्रुव पार्षद,नीलू छेदैहा,जनपद सदस्य मन्नू यादव,नारद मंडावी,बलराम शोरी,दानेश्वर शोरी,भानुप्रताप कुंजाम ,पुरन नेताम,पार्षद जितेंद्र ध्रुव,राकेश नेताम,राहुल ध्रुव,वासु ध्रुव,भगवान सिंह नेताम,छबिलाल कुंजाम, नारायण कुंजाम एवं अन्य सामाजिकगण तथा छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिले में श्रीरामचंद्र का प्राकट्य उत्सव आस्था और उमंग के साथ मनाया गया

**कोरबा।** रघुकु ल भूषण मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र का प्राकट्य उत्सव रामनवमीं नगर सहित जिले में अतीव आस्था और उमंग के साथ मनाया गया। मध्यान्ह 12 बजे मंदिरों में भगवान के उत्सव के साक्षी बनने के लिए काफी संख्या में भक्त उपस्थित हुए। इसके बाद मंगल गान संपन्न हुआ। भगवान के अवतरण की खुशी में भक्तों को मिष्ठान बांटा गया।

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमीं तिथि को भगवान का अवतरण इस धराधाम में हुआ था। मधुमास की बेला में सभी ग्रह और नक्षत्र की अनुकूलता के बीच उन्होंने सज्जन शक्ति की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए अवतार लिया। युगों पुरानी मान्यता को निभाते हुए चैत्र रामनवमीं को भगवान का प्राकट्य पर्व मनाने के लिए कोरबा नगर के प्राचीन रामजानकी मंदिर, राममंदिर पुराना बस स्टैंड, महाराणा प्रताप प्रांगण बुधवारी, हनुमान मंदिर कोसाबाड़ी, आरपी नगर, हनुमानगढ़ी कटघोरा, राममंदिर बालकोनगर, रामकचहरी फुटका पहाड़ए,सर्वेश्वर मंदिर प्रगतिनगर सहित अनेक स्थानों पर आयोजन हुए। काफी संख्या में सनातन धर्म के अनुयायी यहां पर शामिल हुए। सुबह से ही यहां भगवान के अभिषेक का कार्य प्रारंभ हुआ। दोपहर 12 बजे से पहले मंदिरों के पट बंद किये गए और अन्य विधान पूरे किये गए। अभिजीत मुहूर्त में प्राकट्य उत्सव की खुशी में घंटे, घडिय़ाल, मृदंग और दूसरे वाद्य यंत्रों की गूंज ने वातावरण को खास बनाया। भय प्रकट कृपाला, दीन दयाला कौशिल्या हितकारी3 की स्तुति के साथ यह खुशी दोगुनी हुई। मंदिर परिसरों में मातृशक्ति द्वारा जन्मोत्सव पर मंगलगान प्रस्तुत किये गए। इसके अलावा प्रतीक के तौर पर उपहार लोगों को देकर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान पुरोहितों ने वेदमंत्रों के माध्यम से भगवान के प्राकट्य और इसके पीछे के उद्देश्य को न केवल साझा किया बल्कि संदेश दिया कि कालखंड परिवर्तन के साथ भी ईश्वर की सूक्ष्मसत्ता हमारे सामने मौजूद है। हम इसे अपनी भावनाओं से महसूस करते रहेंगे। क्योंकि सर्वकालिक है।

# शहरों को अक्टूबर 2024 तक 3 सितारा कचरा मुक्त शहर बनाने का लक्ष्य: हरदीप एस. पुरी

**नई दिल्ली (पीआईबी)।** केन्द्रीय शहरी आवास और शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप एस. पुरी ने कहा है कि अक्तूबर 2024 तक देश के 1,000 शहरों को 3 सितारा कचरा मुक्त शहर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पुरी नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस 2023 के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शहरी स्थानीय निकायों में स्पर्धा भाव और मिशन मोड की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए जनवरी 2018 में प्रारंभ किए गए जीएफसी- स्टार रेटिंग प्रोटोकॉल की प्रगति की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इसके प्रारंभ होने के समय से ही प्रमाणीकरण में काफी तेजी आई है। देशभर के स्वच्छता दूतों से बातचीत करते हुए मंत्री महोदय ने उन्हें अपने समुदाय में परिवर्तनकारी बनने तथा नेता होने के लिए और चुनौतियों को आजीविका अवसरों में बदलने के लिए उन्हें बधाई दी।




मंत्री महोदय ने मिशन की उपलब्धियों के बारे में कहा कि शहरी भारत खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) हो गया है। सभी 4,715 शहरी, स्थानीय निकाय (यूएलबी) पूरी तरह ओडीएफ हैं, 3,547 से भी यूएलबी ओडीएफ+ संचालनरत और स्वच्छ सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों के साथ ओडीएफ हैं तथा 1,191 यूएलबी संपूर्ण मल कीचड़ प्रबंधन के साथ ओडीएफ++ हैं। इसके अतिरिक्त भारत ने अपशिष्ट प्रसंस्करण 2014 के 17 प्रतिशत की तुलना में चार गुणा बढ़कर आज 75 प्रतिशत हो गया है। इसे 97 प्रतिशत वार्डों में 100 प्रतिशत डोर टू डोर कचरा संग्रहण तथा देश के सभी यूएलबी में लगभग 90 प्रतिशत वार्डों में नागरिकों द्वारा कचरे के स्रोत को अलग-अलग करने से हुआ है।

श्री पुरी ने विश्वास व्यक्त किया कि एसबीएम-यू के लक्ष्यों को प्राप्त करने में दिखाए गए संकल्प तथा दृढ़ संकल्प मिशन के दूसरे चरण में (एसबीएम-यू 2.0) में कई गुणा बढ़ जाएंगे। जहां भारत का लक्ष्य कचरा मुक्त देश बनना है। उन्होंने देश में कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज की कचरा मुक्त शहर रैली के महत्व को बताया, क्योंकि उपभोग पैटर्न में बदलाव तथा तेजी से शहरीकरण अपशिष्ट उत्पादन को बढ़ाता है।

स्वच्छता एक जन-आंदोलन है जिसे नागरिकों को जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। मिशन ने शहरों के स्वच्छ, हरित तथा कचरा मुक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में देश भर के लाखों नागरिकों को सक्रिय किया है। अभियानों में युवा और महिला नेताओं की बड़े पैमाने पर भागीदारी देखी गई है, जिन्होंने शहरी स्वच्छता की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए हैं। शहरों को कचरा मुक्त बनाने के प्रयासों को केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा स्वच्छोत्सव 2023 के शुभारंभ से नया प्रोत्साहन मिला है।

अभियान ने कचरा मुक्त शहरों के लक्ष्यों को साकार करने के लिए महिलाओं की भागीदारी तथा नेतृत्व को बढावा देने का प्रयास किया है। 8 मार्च, 2023 से शहरों में कार्यक्रमों और गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित की गई है ताकि महिलाओं को जीवन के विभिन्न भागों से कचरा मुक्त शहरो के निर्माण की ओर ले जाया जा सके। स्वच्छोत्सव अभियान शहरी स्वच्छता में नेतृत्व की भूमिका निभाने वाली 400,000 से अधिक महिला उद्यमियों के लिए एक मंच था। अनूठी यात्रा और मसाल मार्च में भाग लेकर महिलाओं ने शहरीकरण की जिम्मेदारी ली और शहरी परिदृश्य को बदलने के लिए अग्रणी रूप में नेतृत्व किया।

प्रधानमंत्री ने समग्र स्वच्छता तथा अपशिष्ट प्रबंधन के ईको-सिस्टम की दिशा में भारत को एक नए मार्ग पर लाकर कचरा मुक्त शहर (जीएफसी) बनाने के विजन के साथ स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 का शुभारंभ किया था। डोर टू डोर संग्रहण, स्रोत पृथकीकरण, अपशिष्ट प्रसंस्करण तथा डंप साइट उपचार, आईईसी, क्षमता निर्माण, डिजिटल ट्रेकिंग आदि को प्रोत्साहित करना जीएफसी बनाने के घटक हैं।

भारत शून्य अपशिष्ट दृष्टिकोण को भी बढ़ावा दे रहा है, जो एक बंद सर्कुलर प्रणाली में जिम्मेदार उत्पादन उपभोग तथा और उत्पादों के निपटान पर बल देता है। मंत्री महोदय ने कचरा मुक्त शहरों के लिए इस रैली की सराहना की, जिसमें लाखों नागरिकों ने अपनी सड़कों, पास-पड़ोस के स्थानों तथा पार्कों की साफ-सफाई की जिम्मेदारी ली है।

# कलेक्टर दयाराम के. ने किसान सम्मेलन की तैयारियों का जायजा, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर।** जिले के ग्राम महराजगंज में 02 अप्रैल को आयोजित होने वाले किसान सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर है, तथा उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, आबकारी व वाणिज्यिक कर मंत्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन व जिले के प्रभारी मंत्री डॉक्टर शिवकुमार डहरिया सम्मिलित होंगे।

किसान सम्मेलन के माध्यम से करोड़ो रुपयों की लागत से विकास कार्यो का भूमिपूजन लोकार्पण किया जाएगा। वहीं किसान सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. कार्यक्रम स्थल महराजगंज पहुँचे थे, जहाँ उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि 02 अप्रैल 2023 को बलरामपुर विकासखण्ड के ग्राम महाराजगंज में किसान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. पहुंचे थे। जहां उन्होंने किसान सम्मेलन के लिए तैयार किये जा रहे मंच का अवलोकन करते हुए कार्यक्रम स्थल की समतलीकरण तथा साफ-सफाई करने को कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों से विभागीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी स्टॉल लगाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने किसानों के लिए बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

कलेक्टर ने पुलिस विभाग के अधिकारियों से सुरक्षा तथा पार्किंग व यातायात व्यवस्था की जानकारी लेते हुए समुचित व्यवस्था को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्मेलन स्थल से पार्किंग की दूरी ज्यादा ना हो यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से सम्मेलन स्थल में स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर प्याऊ की व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये।

# जिले को क्षय रोग से दिसंबर तक मुक्त करने का लक्ष्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** स्वास्थ्य विभाग की पूरी कोशिश है कि दिसंबर 2023 तक अंतिम रूप से कोरबा जिले को क्षय रोग से पूरी तरह मुक्त कर लिया जाए । प्रदेश और देश के लिए भी इस मामले में समय सीमा तय करने के साथ काम किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग और साहित्य समिति की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में यह जानकारी साझा की गई।

स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विषय को लेकर लोगों को पर्याप्त जानकारी हो, इसके लिए ओपन थिएटर के पास स्थित साहित्य सदन में प्रसंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्योग प्रधान क्षेत्रों में अलग-अलग कारणों से होने वाली गंभीर बीमारियों के लक्षण कारण और निराकरण पर पर यह कार्यक्रम केंद्रित था।

साहित्य सदन के संरक्षक कमलेश यादव, मुकेश चतुर्वेदी, दिलीप अग्रवाल सहित अतिथियों ने विद्या दायिनी देवी सरस्वती की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलन कर इस कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। इस दौरान अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉक्टर जी यात्रा आमंत्रित किए गए थे। साहित्य सदन के सभागार में उपस्थित साहित्यकारों से संवाद करते हुए डॉक्टर जत्रा ने विषय के परिपेक्ष में अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि जिले को टीवी से मुक्त करना बड़ी चुनौती है। प्रतिवर्ष देश में 24 लाख लोग टीवी की बीमारी से ग्रसित होते हैं इनमें बच्चों की संख्या 1लाख 60 हजार के आसपास आंकी गई है जबकि इस बीमारी से जूझते हुए हर वर्ष डेढ़ लाख लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। कोरबा जिले छत्तीसगढ़ और देश को टीवी की बीमारी से मुक्त करने के लिए अलग-अलग समय सीमा तय की गई है। प्रतिवर्ष अकेले कोरबा जिले में 21 हजार लोगों का परीक्षण किया जा रहा है और इनमें से लगभग दो हजार के आसपास लोग पॉजिटिव प्राप्त हो रहे हैं।

इनकी चिकित्सा हमारा विभाग कर रहा है। आयोजक संस्था के संरक्षक कमलेश यादव ने भी कार्यक्रम में अपने सारगर्भित विचार रखे। उन्होंने आग्रह किया कि हम अपनी रचनाओं के माध्यम से इन बीमारियों से लोगों को बचाने का संदेश दे और अपनी जिम्मेदार भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजकों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया इस कार्यक्रम में जिले के साहित्यकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

धूमधाम से मना श्रीराम जन्मोत्सव:

# जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा शहर, विशेष श्रृंगार के साथ निकली शोभायात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में रामनवमी हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई गई। राजधानी के श्रीराम मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लग रही। श्रद्धालु भगवान श्रीराम, माता जानकी और बजरंग बली के दर्शन करने पहुंचे। सभी मंदिरों में जय श्रीरामज्श्रीराम के नारे लगे। जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। इस क्रम में रायपुर के प्राचीन दूधाधारी मठ में विशेष पूजा-अर्चना की गई। यहां दोपहर 12 बजे रामलला का जन्म हुआ। इस दौरान राम, लक्ष्मण और मां सीता का विशेष श्रृंगार किया गया है। इस मठ में श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न एक ही गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठित हैं।



इस दूधाधारी मठ का निर्माण सन 1554 में हुआ था। वहीं भगवान श्रीराम के ननिहाल और माता कौशल्या का मायका चंदखुरी में स्थित कौशल्या मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यहां राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विशेष पूजा अर्चना की गई। यहां भगवान श्रीराम माता कौशल्या के गोद में बालक रुप में विधमान है।

दूसरी ओर राजधानी के वीआईपी चौक स्थित राम मंदिर में लोग दर्शन करने के लिए उमड़े। इस दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह सपरिवार मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। प्रदेश के सुख, समृद्धि और समृद्धि की कामना की। यहां दर्शन करने के लिए रायपुर सहित दूसरे जिलों के लोग भी पहुंचे।

मंदिर में भगवान राम के जन्म के बाद महाआरती की गई। भगवान राम को महाभोग लगाया गया। भगवान श्रीराम के जन्म पर उन्हें पालकी में विरामजमान कर मंदिर परिसर में घुमाया गया। चारों तरफ जयश्रीराम जय श्रीराम के जयघोष से मंदिर गूंज उठा। वहीं शाम को श्री हनुमान महापाठ समिति तथा जीवन प्रबंधन समूह की ओर से बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में सवा करोड़ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पं. विजयशंकर मेहता ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसमें शामिल होने के लिए सीएम भूपेश बघेल पहुंचे।

इस दौरान सांसद सुनील सोनी, विधायक बृजमोहन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# मुख्यालय में रहें आरआई और पटवारी अन्यथा होगी कार्यवाही - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** आरआई और पटवारियों को बार-बार अपने मुख्यालय में रहने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसके बाद भी कई जगहों से शिकायतें मिल रही हैं कि वे मुख्यालय में नही रह रहे हैं। यह गंभीर लापरवाही है, ऐसी शिकायतें मिलने पर अब कार्यवाही होगी। उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने छाल तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कही। दरअसल निरीक्षण के दौरान यह बातें सामने आयी कि यहां आरआई और पटवारी मुख्यालय में नही मिल रहे हैं।



कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी का मुख्यालय में रहना सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर सिन्हा ने तहसील कार्यालय के सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह नया कार्यालय है अत: काम को शुरुआत से व्यवस्थित करते चलें, जिससे पक्षकारों को सुविधा हो। इस दौरान उन्होंने तहसील भवन निर्माण के लिए चयनित स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भवन के लिए स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन करते हुए कहा कि इसमें कार्यालय के सभी शाखाओं के लिए व्यवस्था हो। उन्होंने काम जल्द शुरु कराने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री सिन्हा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाटी के निरीक्षण में भी पहुंचे। यहां उन्होंने पेशेंट वार्ड और लेबर रूम का निरीक्षण किया और अस्पताल में प्रतिमाह होने वाली डिलीवरी की जानकारी ली। यहां अतिरिक्त भवन की मांग रखी गई। इसके साथ अस्पताल में महतारी एक्सप्रेस और शव वाहन की मांग भी स्थानीय लोगों ने रखी। कलेक्टर श्री सिन्हा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इसका प्रस्ताव बना कर देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने ग्राम पोड़ी छाल में जनपद पंचायत धरमजयगढ़ द्वारा बनवाए जा रहे अमृत सरोवर का काम भी देखा। यहां अब तक हुए कार्य के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि यहां मनरेगा से काम करवाया जा रहा है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने यहां सरोवर के चारों ओर पिचिंग व प्लांटेशन करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा अपने प्रवास के दौरान ग्राम तरेकेला में ग्रामीणों से चर्चा कर रहे थे। इसी बीच वहां से जंगल से महुआ का संग्रहण कर लौट रही महिला भी पहुंची। कलेक्टर श्री सिन्हा ने महिला से महुआ संग्रहण और उसकी बिक्री के संबंध में बात की। महिला ने बताया कि वे इकट्ठा किए हुए महुआ को स्थानीय स्तर पर बेच देती है। कलेक्टर श्री सिन्हा इस पर वन विभाग के अधिकारियों को गांवों में वनोपज संग्रहण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।






















# सिरफिरे ने दो बहनों को मारा चाकू, नाबालिग के दूसरे युवक से प्रेम करने से था नाराज

## शीतला मंदिर सुपेला की घटना, जोत जवांरा विसर्जन देखने पहुंची थी नाबालिग, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सुपेला के शीतला मंदिर तालाब के पास गुरुवार को नाबालिग किशोरी की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। दिन दहाड़े बदमाश ने किशोरी व उसकी छोटी बहन पर चाकू सेवार कर दिया। छोटी बहन बचने के लिए तालाब में कूद गई लेकिन बड़ी बहन खुद को बचा नहीं सकी। बदमाश ने उसके सीने में चाकू से वार किया जिससे किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसकी छोटी बहन को जिला अस्पताल इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घटनाकी सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम महेश यादव है और वह 15 दिन पहले ही जेल से छूटकर आया है।



सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शीतला मंदिर इंदिरा नगर तालाब में रामनवमी के मौके पर जोत जवांरा का विसर्जन हो रहा था। जोत जवांरा विसर्जन देखने 16 वर्षीय सुमन साहू अपनी छोटी बहन 14 वर्षीय सरीता साहू के साथ शीतला मंदिर तालाब पहुंची थी। इस दौरान वहां महेश यादव नाम का युवक पहुंचा। दोनों बहने जोत जवांरा विसर्जन देख रही थी। दोपहर करीब 3 बजे महेश यादव पहुंचा और दोनों बहनों पर चाकू से वार कर दिया। सरीता साहू खुद को बचाने तालाब में कूद गई वहीं सुमन साहू के सीने में चाकू लगा। वह नीचे गिरी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सुमन साहू नवरात्रि में पूरे 9 दिन उपवास कर रही थी और जोत जवांरा विसर्जन देखने गई थी।

घटना के बाद महेश यादव फरार हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा और घायल सरीता साहू को सुपेला अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इधर घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी महेश यादव सुपेला के शासकीय कन्या विद्यालय परिसर में शराब पीकर बैठा हुआ था। पुलिस ने आरोपी का पता लगाया और कुछ ही देर में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दो महीने पहले ही पुलिस ने महेश यादव और उसके चार साथियों को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। 15 दिन पहले ही वह जेल से छूटा था।

### दूसरे युवक से प्रेम करने से था नाराज

पूछताछ में आरोपी युवक ने पुलिस को जो बताया वह हैरान करने वाला था। दरअसल आरोपी महेश यादव का नाबालिग सुमन साहू से प्रेम प्रसंग था। जेल से लौटने के बाद उसने देखा कि सुमन साहू उससे बात नहीं कर रही है। महेश यादव ने सुमन साहू को दूसरे लड़के से बात करते देख लिया था। इस दौरान वह नाबालिग से मिला तो उसने भी संबंध खत्म करने की बात कह दी। वहीं से उसने हत्या की प्लानिंग शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी महेश यादव ने तीन दिन पहले ही चाकू खरीदा था और मौके की ताक में थो। गुरुवार को जोत जवांरा विसर्जन के दौरान उसे मौका मिला तो उसने सुमन साहू को चाकू से गोद दिया। साथ में छोटी बहन पर भी वार कर दिया।

सीजी में फिर आईईडी विस्फोट

# सीआरपीएफ जवान घायल, दो दिन पहले भी हुआ था ब्लास्ट

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित क्षेत्र बस्तर संभाग में नक्सलियों द्वारा लगातार उत्पात मचाया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में नक्सली वारदात भी बढ़ते जा रहा है। बुधवार को बीजापुर जिले में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया। ब्लास्ट की चपेट में आने से सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया। घायल जवान का नाम रवि कुमार बताया जा रहा है। घायल जवान को भैरमगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार नेलसनार थानाक्षेत्र के पंडेमुर्गा के नजदीक यह आइईडी ब्लास्ट हुआ। सीआरपीएफ की 165वीं बटालियन में पदस्थ रवि कुमार इसकी चपेट में आ गया। ब्लास्ट की चपेट में आने से जवान के पैर व हाथ गंभीर रूप से झुलस गया है। घायल जवान का प्राथमिक उपचार भैरमगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घटना के बाद मौके पर बीडीएस की टीम पहुंच गई है। संभावना जताई जा रही है कि घटना स्थल के पास और भी आईईडी प्लांट हो सकते हैं जिसकी सर्चिंग की जा रही है।

# आधी रात घर में घुसे चोरों की हुई जमकर पिटाई, शोर सुनकर जाग गए थे घरवाले

श्रीकंचनपथ न्यूज




**दुर्ग।** मोहन नगर थाना अंतर्गत उरला की एक कॉलोनी चोरी के इरादे से घुसे दो चारों की जमकर पिटाई हो गई। आधी रात को घर में घुसे चोरों की आहट से घर की महिला जाग गई और घर वालों को जगा दिया। इसके बाद दोनों चोरों को पकड़कर पिटाई की। इस बीच एक चोर भाग गया वहीं दूसरे चोर को घर वालों ने पड़ोसियों की मदद से थाने तक पहुंचाया। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर लिया है और दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार मोहन नगर थाना अंतर्गत बीडी कॉलोनी उरला में चोरी के की नीयत से घुसे चोर परिवार की सूझबूझ से पुलिस तक पहुंच गए। शिकायत कर्ता निकिता देशभरतार ने बताया कि 28 मार्च की रात को को परिवार के सभी लोग खाना खाने के बाद लगभग 11 बजे सोने चले गये। आधी रात के बाद लगभग 12:15 बजे घर में खटपट की आवाज होने से उनकी नींद खुल गई। उसने उठकर देखा तो दो लोग घर में घुसे हैं और अलमारी एवं पेटी को खोलकर चोरी का प्रयास कर रहे थे।

इसके बाद उन्होंने पहले तो शोर मचाया और घर वालों को जमा किया। शोर सुनकर घर के बाकी लोग भी जाग गए और दोनों को पकड़ लिया। पकड़ने के बाद घर वालों ने चोरों की पिटाई भी शुरू कर दी। इस दौरान एक चोर भाग गया। वहीं घर वालों के हाथ एक चोर चढ़ गया। पकड़े गए चोर ने अपना नाम कृष्ण कुमार बंछोड़ निवासी कैलाश नगर दुर्ग बताया। वहीं भागने वाले अपने साथी का नाम रितेश लांजेवार निवासी अम्बेडकर आवास जवाहर नगर दुर्ग बताया। इसके बाद घर वालों ने 112 को सूचना दी और चोर को उन्हें सौंप दिया।

## खास-खबर

### पैसे के लेनदेन के विवाद पर कार में बंदकर युवक को पीटा, दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर (ए)।** शहर के गांधीनगर थाना अंतर्गत दत्ता कॉलोनी इलाके में एक युवक को जबरन कार में बैठाकर अपने साथ ले जाने के बाद उसके साथ मारपीट करने वाले आरोपियों में दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में मुकेश गोस्वामी व अजीत सिंह हैं। आरोपियों ने दो दिन पहले दत्ता कॉलोनी निवासी विकेश शर्मा को जबरन कार में बैठाकर अपने साथ ले गए। इसके बाद मारपीट कर उसे रास्ते में उतार दिए थे। इनके बीच पैसे के लेन-देन को लेकर कुछ विवाद था। मामले में आरोपियों में धारा 342, 294, 365, 323, 506, 34 के तहत केस दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मुकेश व अजीत को गिरफ्तार कर लिया। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### कोर्ट का फैसला: मारपीट व गाली गलौच के आरोपी को 2 साल की सजा

**बैकुंठपुर (ए)।** जातिगत गाली-गलौज और मारपीट करने समेत जान से मारने की धमकी देने वाले दो आरोपियों को कोर्ट ने सजा सुनाई है। इसमें दोनों को अलग-अलग धाराओं व एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में पुलिस ने 3 दिसंबर 2020 को प्रार्थी उदय सिंह ने आनी निवासी आरोपी सूरज व राजेश के खिलाफ जातिगत गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में सिटी कोतवाली में केस दर्ज कराया था।

# पेट्रोल पंप के पैसे उड़ाए, जुआ खेलकर खत्म किया: 6 लाख रुपए लेकर जमा करने निकला था मुंशी, मगर लौटा ही नहीं, अब गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** रायपुर जिले के तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के मुंशी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये कर्मचारी पेट्रोल पंप में हिसाब-किताब का काम देखता था। 9 फरवरी को पेट्रोल पंप में जमा हुए पैसों को देखकर वह लालच में आ गया और उसे लेकर वह फरार हो गया। आरोपी ने गबन किए कुछ पैसों को जुए खेलने में लगा दिया।



जोधा गांव के पास अजय फिलिंग स्टेशन नाम का पेट्रोल पंप है। इस पेट्रोल पंप के कर्मचारी वजीर सिंह ने 13 फरवरी को थाने में शिकायत दर्ज कराई की पेट्रोल पंप में पैसों का हिसाब किताब करने वाले मुंशी विजय सिंह(48) पैसे लेकर फरार हो गया है। आरोपी मूलत: हरियाणा के जींद जिले का रहने वाला है।

वजीर सिंह ने बताया की पेट्रोल पंप में 5 लाख रुपये इकट्ठा हो जाने के बाद उसे बैंक में जमा कर दिया जाता है। 9 फरवरी को आरोपी पेट्रोल पंप से 6 लाख 8 हजार रुपये लेकर शाम को निकला। उसने कहा कि वो पैसे बैंक में जमा कर देगा। लेकिन वो उस दिन लौटा ही नहीं। उसके अगले दिन उसका फोन बंद बताने लगा। जब उसके घर जाकर तलाश की गई तो वो फरार हो गया था। जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी।

शिकायत के बाद गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसने बताया कि गबन किए हुए पैसे लेकर वह हरियाणा भाग गया था। वहां करीब 55 हजार रुपयों को उसने जुए खेलने में लगा दिए। जिसमें वो हार गया। पुलिस ने फिलहाल आरोपी के पास से 50 हजार रुपये जब्त किए हैं।

# ड्राइवर को झपकी आने पर बिजली के पोल से टकराकर खड़े ट्रक में जा घुसी गाड़ी, 6 लोग घायल, 3 की हालत गंभीर

**कोरबा (ए)।** कोरबा जिले के बांगो थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार बिजली के पोल से टकराकर खड़ी ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार 6 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से 3 की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक अंतर्गत बंजारी मड़ई के पास हुआ।

जानकारी के मुताबिक, सूरजपुर जिला तिवरता निवासी पुन्नी राम (56 वर्ष) अपने परिवार के साथ प्रेमनगर जा रहा था। कार में पुन्नी राम, चंद्रकांत प्रजापति (42 वर्ष), हीरा प्रजापति (42 वर्ष), मोनिका प्रजापति (25 वर्ष) और रश्मि प्रजापति (17 वर्ष) सवार थे। कोरबा जिले के बंजारी मड़ई के पास कार चला रहे पुन्नी राम को



झपकी आ गई और गाड़ी सड़क किनारे बिजली के खंभे से जा टकराई।

इलेक्ट्रिक पोल से टकराने के बाद कार सड़क पर खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं कार सवार सभी लोग घायल हैं, जिनमें से 3 की हालत गंभीर है। लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम और बांगो थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को इलाज के लिए पोड़ी उपरोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बिलासपुर सिम्स रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि हादसे में पुन्नी राम, हीरा प्रजापति और चन्द्रकांत के सिर पर चोट आई है, वहीं मोनिका प्रजापति की रीढ़ की हड्डी और रश्मि प्रजापति के चेहरे पर चोट आई है। छठवें घायल का नाम पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# पेट्रोल बम फेंककर कार में लगाई आग, तीन लोगों पर केस दर्ज

**अंबिकापुर (ए)।** जमीन के विवाद और आपसी रंजिश के कारण तीन युवकों ने कार में आग लगा दी, जिससे कार जलने लगा, वहीं पूरी घटना घर के पास ही लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। दरअसल, गुरुवार को ग्राम गणेशपुर निवासी एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया कि अपने घर के बगल के जमीन पर तिरपाल से घेरा किए थे। रात 11.30 बजे गांव के ही तीन दबंग युवकों ने हॉकी-डंडों से लैस होकर पहुंचे और घेराव को तोड़ने लगे।

जब महिला के पति ने इसका विरोध किया तो तीनों युवक उन्हें गालियां देने लगे और घर में घुसकर जान से माने की धमकी भी दी। इसके बाद वे चले गए। महिला ने बताया कि रात को करीब 03.30 बजे घर के बहर कुछ फटने की आवाज सुनाई देने पर उनके पति और बच्चे बाहर निकले तो घर के बाहर खड़ी आई टेन ग्रेण्ड कार क्रमांक सीजी 29 ए 2756 को उन्हीं तीनों बदमाश राजू पोद्दार, लतिफ अंसारी व उसके अन्य साथी ने जला दी।


देखते ही देखते पूरे कार में आग की लपटे उठने लगी। इसके बाद उनके शोर मचाने पर तीनों बदमाश वहां से भाग गए। वहीं जलती कार को देखकर घर के आसपास रहने वाले लोगों ने किसी तरह बाल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाया। हालांकि कार का आधा से अधिक हिस्सा जल गया है। उन्होंने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। महिला के शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है।

# शादी से लौट रहा था परिवार, ट्रैक्टर पलटने से तीन महिलाओं की मौत, 20 से अधिक घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले में बीती रात बड़ा हादसा हो गया। यहां शादी समारोह से लौट रहे परिवार की ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन महिलाओं मौत हो गई और 20 से ज्यादा घायल हो गए हैं। हादसे में दो महिलाओं की मौके पर मौत हुई और एक की अस्पताल में मौत हो गई। वहीं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को ग्राम खैंदा निवासी सीमा मानिकपुरी और ग्राम ठाकुर दिया निवासी लखन लाल मानिकपुरी की शादी थी। दोनों की शादी धार्मिक स्थल तुरतुरिया के मंदिर में होनी थी इसके लिए दोनों परिवार के सदस्य पहुंचे थे। लड़की के घर वाले गांव के अन्य लोगों व रिश्तेदारों के साथ ट्रैक्टर क्रमांक CG-22-J-5832 में सवार होकर तुरतुरिया पहुंचे थे। शादी के बाद लड़के पक्ष के लोग दुल्हन की विदाई कराकर ग्राम ठाकुर दिया चले



गए। इधर मायके पक्ष के लोग बुधवार देर रात ट्रेक्टर से ही ग्राम खैंदा लौट रहे थे। ठाकुर दिया और तुरतुरिया के बीच घाटी में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना कसडोल थाने में दी। हादसे में 2 महिलाओं ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृत महिलाओं में दुल्हन की मां राधा बाई मानिकपुरी (50) और उसकी बड़ी मां कुमारी बाई मानिकपुरी (53) शामिल है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं गंभी रूप से घायल एक महिला जिला अस्पताल बलौदाबाजार रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि ट्रेक्टर में 25 से ज्यादा लोग सवार थे। गंभीर रूप से घायल महिला की जिला अस्पताल में मौत हो गई। वहीं कुछ को मामूली चोटें आई जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्?टी दे दी गई। इधर घटना के बाद दोनों परिवारों में मातम पसर गया है। एक दिन पहले जहां शादी की खुशियां मनाई जा रही थी उसी घर में अब मातम पसर गया।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

# श्रीरामनवमी का भव्य आयोजनः 11 सौ से अधिक मंदिरों से निकली शोभायात्रा, राममय हुई इस्पात नगरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई द्वारा गुरुवार को श्रीरामनवमी का भव्य आयोजन किया गया। श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर आयोजन में 11 सौ से अधिक मठ-मंदिरों की लघु शोभायात्राओं ने भाग लिया। पावर हाउस स्थित तिब्बती बाजार मैदान में भव्य समारोह हुआ जहां श्रद्धालुओं के लिए ऑल इंडिया प्लेटिनम आर्टिस्ट अवार्डी प्रमोद साहू द्वारा श्रीराम मंदिर की भव्य लाइव पेंटिंग, आकर्षक स्वचलित झांकियां एवं लाइट एण्ड साउण्ड शो प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पाटेश्वर धाम के संत श्री श्री 1008 बालकदास महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संरक्षक प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने की। इस वर्ष कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का





केंद्र श्रीराम मंदिर की भव्य लाइव पेंटिंग रही। जिसमें अंचल के सुप्रसिद्ध कलाकार प्रमोद साहू, श्रीराम मंदिर का सजीव चित्रण मंच पर किया। आकर्षक स्वचलित झांकियां एवं लाइट एण्ड साउण्ड शो भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं। मध्य भारत के इस सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर श्री हनुमान चालीसा का पाठ बी सभास्थल पर किया गया। इस वर्ष सभी 12 प्रखण्डों से शोभायात्रा निकाली गई जो रामलीला मैदान पावर हाउस में जमा हुई।

### 95 क्विंटल से अधिक अन्न से बना प्रसाद

श्रीरामनवमी के लिए महाप्रसाद के लिए जनसहयोग से 95 क्विंटल से अधिक अन्न संग्रहित किया गया। रामनवमी के मौके पर 95 क्विंटल से अधिक अन्न का भोग बनाया गया जो श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। श्रीरामनवमी के इस महाप्रसाद के लिए भिलाई एवं आसपास के सभी क्षेत्रों के हर घर से अन्न संग्रहित किया गया। इसमें जिले के विभिन्न निकाय क्षेत्रों के 213 से अधिक वार्ड एवं 7 गांव से 95 क्विंटल से अधिक अन्न संग्रहित किया गया है। इस अभियान अमजनों के साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी अपनी सहभागिता दी। वहीं सभास्थल पर इस दिव्य महाप्रसाद को बनाने सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी भागीदारी दी।

## खास - खबर

### कोक ओवन में सुरक्षा सप्ताह का समापन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में मुख्य महाप्रबंधक (सीओसीसीडी) तरुण कानरार के नेतृत्व में सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे नुक्कड़ नाटक, ड्राइंग, पेंटिंग, भाषण प्रतियोगिता, कम समय में फुल बाडी हार्नेस पहनने की प्रतियोगिता, स्पॉट द हैजार्ड प्रतियोगिता, सुरक्षा क्विज, गीत, कविता एवं प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने का सफल प्रयास किया गया। कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों ईएमडी, सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के द्वारा अलग-अलग विषयों पर कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। कार्यषाला में अनुभवी प्रशिक्षकों के द्वारा सुरक्षा के साथ स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ठेका श्रमिकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ साझा किया गया। सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह दिनांक 29 मार्च 2023 को आयोजित किया गया। समापन समारोह में नाटक एवं कविता पथ इत्यादि का प्रदर्शन उपस्थित गणमान्य लोंगो के समक्ष किया गया, साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएं के विजेताओं का पारितोषिक वितरण भी किया गया। समापन समारोह में कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा), ए के पंडा, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एम एण्ड यु) असित साहा एवं मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) जी पी सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों के द्वारा अपने उद्बोधन के माध्यम से सभी कार्मिकों को सुरक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। विभागीय सुरक्षा अधिकारी द्वय बी सी मंडल एवं पी एम राजेंद्र कुमार ने सभी कार्यक्रमों का सुचारू रूप से संचालन किया। कार्यक्रम में युनियन के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### केंद्रीय यांत्रिक संगठन ने भिलाई इस्पात संयंत्र के संविदा कर्मियों को सम्मानित किया

**भिलाई।** इस्पात संयंत्र में सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) संजय कुमार गजभिये के नेतृत्व में केंद्रीय यांत्रिक संगठन द्वारा एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। पुरस्कार समारोह 29 मार्च 2023 को एम एंड यू कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में केंद्रीय यांत्रिक विभाग के ठेका श्रमिकों को सुरक्षा और कार्य संस्कृति में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कामगारों को भिलाई इस्पात संयंत्र के सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा निर्धारित मूल्यांकन व मानदंडों के आधार पर चयन कर सम्मानित किया गया। विजेताओं को 'सर्वोत्तम', 'अनमोल' और 'दक्ष्य' नाम की तीन श्रेणियों क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान के लिए सम्मानित किया गया। सर्वोत्तम श्रेणी के विजेताओं को 3,000 रुपये, अनमोल को 2,000 और दक्ष श्रेणी के विजेताओं को 1,000 रुपये के उपहार से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में संबंधित विजेताओं को वर्ष 2022 के लिए कुल मिलाकर 46 पुरस्कार वितरित किए गए। सर्वोत्तम श्रेणी में 8 पुरस्कार और अनमोल श्रेणी में 8 पुरस्कार और दक्ष श्रेणी में 30 पुरस्कार वितरित किये गये। पुरस्कार समारोह में सभी विजेताओं को पुरस्कार राशि के बराबर उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागाध्यक्षों द्वारा उनकी उपलब्धियों को पढ़कर सुनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) संजय कुमार गजभिये ने की। समारोह में अन्य गणमान्य व्यक्तियों में महाप्रबंधक (एसईडी) डॉ ए आर सोनटेके, महाप्रबंधक प्रभारी (सीएचएम और सीआरएम) संजय गांधी, महाप्रबंधक प्रभारी (यांत्रिक सेवाएं) डॉ जे पी पाण्डेय, महाप्रबंधक (प्लांट गैराज) बी डी बाबू, महाप्रबंधक (प्लांट गैराज) संतोष जॉर्ज, महाप्रबंधक प्रभारी (ईडीडी)जे एम पलैया, महाप्रबंधक (ईडीडी) बंसी टुडू, महाप्रबंधक (आरवीसी) नबरशी रॉय महाप्रबंधक (सीईडी) बीएन झा, अन्य वर्गों के विभागाध्यक्ष और पुरस्कार विजेता भी उपस्थित थे। के नीलाधर वरिष्ठ प्रबंधक (टीए-सीजीएम-मैकेनिकल) द्वारा एक प्रस्तुति दी गई थी।

# भगवान महावीर के जयघोष के साथ निकली अहिंसा यात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। भगवान महावीर के जयघोष के साथ प्रातः 6:30 बांदा तालाब दुर्ग से अहिंसा यात्रा प्रारंभ हुई जो अभी प्रतिदिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों से निकलेगी आज बांधा तलाब दुर्ग से अहिंसा यात्रा गंजपारा होते हुए वर्धमान हाइट्स में भ्रमण करते हुए ऋषभ ग्रीन सिटी पहुंची जहां उसका समापन हुआ ।



आज की अहिंसा यात्रा में बड़ी संख्या में बच्चे एवं महिलाओं एवं युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया प्रभु के जन्म महोत्सव का उत्साह देखते ही बन रहा था।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष जय श्री श्रीमान मंत्री चुन्नीलाल दुग्गड ने जैन समाज के सभी वर्ग संप्रदाय के लोगों से महावीर जन्म कल्याणक के सभी कार्यक्रमों में भाग लेने का निवेदन किया। 29 मार्च से 4 अप्रैल तक चलने वाले इस आयोजन में सामूहिक सामायिक एवं नवकार जाप अनुष्ठान सकल जैन समाज के सभी वर्ग संप्रदाय के लोगों के सहयोग से ऋषभदेव परिसर में संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में साधक समायिक की वेशभूषा में उपस्थित थे और सामायिक तप की आराधना की।

उसके पश्चात आयबिल पप तप की आराधना प्रारंभ हुई जिसमें जैन समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी हिस्सेदारी निभाई और आयबिलल तप की आराधना को सफल बनाया 31 मार्च को प्रातः 6:30 प्रभात फेरी अहिंसा यात्रा बदनापुर दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शीतलनाथ जैन मंदिर में समापन होगा जैन समाज की पाठशाला के बच्चों की अभिनव प्रस्तुति वीर वाटिका पुरानी गंज मंडी गंजपारा दुर्ग के प्रांगण में कल रात्रि 8:00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में वीर वाटिका नाम से जैन समाज की पाठशाला के बच्चे अभिनय कार्यक्रमों की प्रस्तुति करेंगे जिसमें नाटिका ,गीत की प्रस्तुति पाठशाला के बच्चों द्वारा प्रस्तुत की जाएगी जैन पाठशाला के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा वर्तमान परिवेश में घट रही घटनाओं का दिल को झकझोर कर देने वाले संवादों से नाटकों का मंचन करने जा रहे हैं आदेश्वर जैन मंडल के संयोजन में इस कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी।

# रंगारंग ग्रामीण लोक कला उत्सव 2023 का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई इस्पात सयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा आदर्श इस्पात ग्राम जांजगिरी में नवोदित स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा को आगे लाने, लोक कलाकारो को मंच प्रदान करने एवं ग्रामीणों में लोक कला के प्रति जागरूकता लाने के परिप्रेक्ष्य में ग्रामीण लोक कला उत्सव का आयोजन किया गया।

इस ग्रामीण लोकोत्सव में 5 कला दलों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। जिसमें हमर दुर्ग, छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम, शिवकांत तिवारी द्वारा विविध लोक गीत की प्रस्तुति, माँ सरस्वती पंडवानी समिति, कोकड़ी की टोमिन निषाद एवं साथियों द्वारा पंडवानी गायन कापालिक शैली में पेश किया गया। वहीं छत्तीसगढ़ लोकविधा लोकनृत्य समूह, कातरों द्वारा विविध लोक गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। जय श्री कृष्णा गोकुलधाम अहिर राउत नाचा, घुमका द्वारा राउत नाचा की प्रस्तुति दी गयी। गौतम चैबे, देउरगांव द्वारा लोरिक चंदा नाटक का रोचक मंचन किया गया। इस लोकोत्सव का ग्राम जांजगिरी एवं समीपस्थ ग्राम के ग्रामीणों ने भरपूर आनन्द उठाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा विभाग) डॉ राजीव पाल थे। डॉ राजीव पाल ने अपने उद्बोधन में इस कार्यक्रम की बहुत प्रशंसा की तथा सीएसआर के ग्रामीण विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने प्रबंधन की ओर से सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभागी कलाकारों को पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह प्रदान कर कलाकारों का स्वागत किया गया एवं मानदेय राशि प्रदान कर कलाकारों को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (सीएसआर) शिवराजन, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) सुशील कुमार कामडे द्वारा भी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। सीएसआर विभाग के द्वारा आयोजित इस लोकोत्सव में विभाग के बुधेलाल, आशुतोष सोनी,अजय चतुर्वेदी पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

# बजरंगी लाल सिंह ने भिलाई जिला अध्यक्ष असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस की नवीन जिला कार्यकारिणी का किया विस्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम के अनुमोदन के पश्चात असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडेय एवं जिला भिलाई कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर के सहमति से बजरंगी लाल सिंह भिलाई जिला अध्यक्ष असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस की नवीन जिला कार्यकारिणी घोषित किया जाता है।

जिला अध्यक्ष बजरंगी लाल सिंह ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को शुभकामनाएं दी एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यों एवं विचारधारा को जन जन पहुँचा कर अपने दायित्वों का निर्वहन पूरे लगन एवं ईमानदारी से करते हुए अपने संगठन को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया

नवीन कार्यकारणी : जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह बंटी , उमेश रिकी साहू , सुनीता वर्मा, जिला महामंत्री प्रभारी संगठन नितेश लाउतरे, सोशल मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा, महासचिव कमल कुमार , रितिक रंजन नायक, हर्षदीप सिंह,जिला सचिव लखपति सोना, राजेश्वर सोनवानी ,अजय तमुरिया , अभय नंदौरे, गजेंद्र कुमार पटेल, परमेश्वर साहू, रवि तेजा, तोरण निषाद , संजय कुमार, एस गिरी राव, तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया जाता है।

# ए ईश्वर राव के निधन के पश्चात उनके नेत्रदान सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** खुर्सीपार निवासी ए ईश्वर राव (57 वर्ष )के निधन के पश्चात उनके नेत्रदान से अब दो परिवारों को रौशनी मिलेगी, परिवार के मुखिया टेलरिंग कार्य करने वाले ए ईश्वर राव के निधन से पत्नी ए जयललिता,पुत्र ए आशीष कुमार,पुत्री बी संध्या रानी सभी सदमे में थे ऐसे समय में नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य ए आशीष कुमार ने अपने पिता के नेत्रदान करने का निर्णय लिया।

नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया,मुकेश राठी,रितेश जैन श्री शंकराचार्य हॉस्पिटल में उपस्थित रहे एवं नेत्रदान प्रक्रीया में सहयोग किया । श्री शंकराचार्य हॉस्पिटल के सर्जन डॉप्रतीक जैन,डॉ तरुण,डॉ रिचा,डॉ प्रज्ञा ताम्रकार,डॉ पुष्पेंद्र,नेत्र बैंक प्रभारी विवेक कसार,त्रिलोक चंद ने। कॉर्निया कलेक्ट किए नेत्रदान प्रक्रीया के दौरान दुर्ग जिला चिकित्सालय के नेत्रसहायक अधिकारी अरुण सिंह,अजय नायक,शत्रुहन सिन्हा,विवेक सोनी नेत्रदान स्थल पर उपस्थित रहे कुलवंत भाटिया ने जानकारी दी कि यह पहला अवसर है जब कॉर्निया कलेक्ट कर उस कॉर्निया का ट्रांसप्लांट भी दुर्ग श्री शंकराचार्य हॉस्पिटल में ही होगा इस जानकारी से हमारी संस्था के सदस्यों का उत्साह बढ़ेगा,भविष्य में जिले के लोगों को इसका लाभ मिलेगा व् अधिक से अधिक लोग नेत्र दान हेतु प्रेरित होंगे।



राज आढ़तिया ने कहा दुर्ग में कॉर्निया ट्रांसप्लांट का यह पहला अवसर है और यह सौभाग्य कि बात है कि यह नेत्रदान हमारी संस्था नवदृष्टि फाउंडेशन के माध्यम से हुआ एवं नेत्रदाता परिवार भी संस्था का सदस्य है इससे लोगों में हमारी संस्था के प्रति विश्वास बढ़ेगा एवं अब जिले के लोगों को नेत्रदान हेतु ज्यादा इंतज़ार नहीं करना पड़ेगा।

ए आशीष ने कहा आज मेरे पिता इस दुनिया में नहीं रहे यह मेरे जीवन कि सबसे बड़ी क्षति है किन्तु चूँकि हम लोगों को नेत्रदान का सन्देश देते है अतः अपने पिता का नेत्रदान कर मैंने अपने पिता का नेत्रदान कर समाज के प्रति अपना कर्तव्य पूरा किया आशा है लोग इस से प्रेरणा लेंगे और मेरे पिता हमेशा नेत्रों के माध्यम से हमारे आस पास रहेंगे। जितेंद्र हासवानी ने कहा यदि कोई देहदान व् नेत्रदान पर कोई जानकारी चाहता है तो हमारे सदस्यों से सम्पर्क करे।

नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से अनिल बल्लेवार ,कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी,मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई,किरण भंडारी, प्रमोद बाघ ,सपन जैन ,मोहित अग्रवाल ,सूरज साहू ,चेतन जैन ,दयाराम भाई टांक ने ए ईश्वर राव के नेत्रदान के निर्णय की सराहना की व् राव परिवार को साधुवाद दिया।

### ऑफिसर एसोसिएशन की आम सभा बैठक :

# ओए में पहली बार 10 महिला अधिकारियों को प्रतिनिधित्व

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन में पहली बार एक साथ 10 महिला अधिकारियों को कार्यकारिणी में प्रतिनिधित्व दिया जाना तय किया गया है। ओए की सामान्य सभा की बैठक में इस प्रस्ताव को पारित किया गया। ओए के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर की अध्यक्षता में वार्षिक आमसभा हुई। निर्धारित एजेंडे पर चर्चा कर बाइलॉज में किए जाने वाले सभी संशोधनों को सर्वसम्मति से पारित किया।




बंछोर ने एसोसिएशन की उपलब्धियों से अवगत कराया। इसमें ओए के इतिहास में पहली बार महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इसी प्रकार ओए के इतिहास में महिलाओं को समुचित प्रतिनिधित्व देने के लिए बाइलॉज में आवश्यक संशोधन किया गया।

इसके तहत ओए-बीएपी में 10 महिला प्रतिनिधियों के मनोनयन किया जाएगा जिसमें से एक पद संयुक्त सचिव (महिला कल्याण) तथा दूसरा पद संयुक्त सचिव (मेडिकल एवं स्वास्थ्य सेवाएं) का होगा। महासचिव परविंदर सिंह ने विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने आय-व्यय का लेखा प्रस्तुत किया।

### राज्य स्तरीय स्पर्धाः अंडर-16 एलिट ग्रुप और सीनियर क्रिकेट प्लेट ग्रुप के मैच 1 अप्रैल से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ की ओर से एलिट ग्ररुप अंडर-16 क्रिकेट का आयोजन किया जा रहा है। इसके मैच 1 अप्रैल से बीएसपी क्रिकेट मैदान और कल्याण कॉलेज मैदान में खेले जाएंगे। स्पर्धा में राज्य के 8 जिलों की टीमें शामिल हो रही हैं। टीमों को ए और बी दो अलग-अलग पुलों में बांटा गया है। पुल-ए में रायपुर, बीसीए, राजनांदगांव और कोरिया की टीमों को रखा गया है। पुल-बी में बीएसपी, बिलासपुर, दुर्ग और प्लेट कंबाइंड की टीमें हैं। 9 अप्रैल तक इसके लीग के मैच खेले जाएंगे। प्रत्येक मैच तीन दिवसीय होगा। सुबह 6.30 से दोपहर 1.30 तक मैच खेले जाएंगे। बीच में 30-30 मिनट का ब्रेक फास्ट और टी ब्रेक भी होगा। इसी तरह सीनियर अंतर जिला प्लेट ग्ररुप के मैच भी 1 अप्रैल से होंगे। 14 जिलों की टीमों को 4 ग्ररुप में बांटा गया है। पुल-ए में बिलासपुर, जांजगीर-चांपा और रायगढ़ को रखा गया है। पुल-बी में जशपुर,कोरबा और कोरिया की टीमों को रखा गया है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र और आईओसीएल के बीच सल्फर प्रदाय के लिए समझौता ज्ञापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग एवं इंडियन ऑयल कारपोरेशन के मध्य सल्फ्यूरिक एसिड संयंत्र के लिए सल्फर प्रदाय हेतु दिनांक 29 मार्च 2023 को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। पूर्व में सल्फर को एम एम टी सी के माध्यम से आयात किया जाता था जो कि विशाखापट्टनम बंदरगाह से भिलाई रेल के माध्यम से भिलाई इस्पात संयंत्र लाया जाता था।

भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत एवं मेक इन इंडिया पॉलिसी के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र ने सार्वजनिक उपक्रम की पेट्रोलियम कंपनी इंडियन आयल कारपोरेशन से आगामी दो वर्ष के लिए, जिसे एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है, 20000 टन सल्फर क्रय करने हेतु करार किया गया, जिससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी बल्कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने यह एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित होगा। वर्तमान में सल्फर इंडियन आयल कारपोरेशन की पानीपत एवं मथुरा रिफाइनरी से ट्रक परिवहन से भिलाई इस्पात संयंत्र तक लाया जाता है। हर माह भिलाई इस्पात संयंत्र के डीसीडीए एसिड संयंत्र में लगभग 800 टन सल्फर की खपत होती है। एमओयू के दस्तावेज पर भिलाई इस्पात संयंत्र कि तरफ से मुख्य महाप्रबंधक तपन कुमार एवं इंडियन आयल कारपोरेशन कि तरफ से डिविजनल हेड एस पी कछवाह ने हस्ताक्षर किये। उक्त एमओयू को मूर्त रूप देने में मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) तपन कुमार, महाप्रबंधक प्रभारी (क्रय-रिफएवं रॉ मटेरियल) उमेश कानगो, महाप्रबंधक (कोक ओवन) सुशांत हलदार, महाप्रबंधक राजेश कुमार शर्मा की मुख्य भूमिका रही। इस दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से महाप्रबंधक राहुल अरोरा, उप महाप्रबंधक संजय सिंह एवं इंडियन आयल कारपोरेशन कि तरफ से प्रबंधक शशांक शर्मा एवं सहायक प्रबंधक निशांत अरोरा भी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950